शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 111 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 17 मई 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट









# ससुराल में आये व्यक्ति की निर्मम हत्या लाश उड़द खेत में मिला

## पत्नी से काफी दिनों से चल रहा था विवाद, दो दिन पूर्व मंगलवार शाम को अपने ससुराल आया था पत्नी को अपने साथ ले जाने

**अखंड भारत संदेश**

**उतरांव।** जनपद प्रयागराज उतरांव थाना क्षेत्र के चक सिकंदर अलाउद्दीपुर में ससुराल आए एक व्यक्ति की फावड़ा के बेत से मारकर हत्या कर दी गई। वहीं शव 500 मीटर दूर उड़द की खेत में लाश पड़ा था। जब सुबह शौच के लिए गए व्यक्तियों ने देखा तो गांव में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। बींदा थाना हंडिया निवासी लालमणि हरिजन पुत्र टंटू उर्फ सूरज दीन उम्र 45 वर्ष जो मजदूरी करता था। उसका पत्नी से काफी दिनों से विवाद चल रहा था। पत्नी अपनी मायके चक सिकंदर अलाउद्दीपुर आई हुई थी। लालमणि भी दो दिन पूर्व मंगलवार शाम को अपने ससुराल आया थाऔर पत्नी



को अपने साथ ले जाने की बात कही। वही गुरुवार सुबह उसकी लाश ससुराल घर से 500 मीटर दूर उड़द की खेत में मिला।शौच के लिए गए ग्रामीणों ने देखा तो हड़कंप मच गया। सूचना पर मौके पर थाना प्रभारी पंकज त्रिपाठी मय फोर्स पहुंच कर जांच पड़ताल में जुट गए। पुलिस ने मौके से दो जोड़ी चप्पल व फावड़ा के बेत को बरामद किया।सिर में गंभीर चोट लगने से अनुमान लगाया जा रहा है कि अधेड़ की हत्या फावड़ा की बेत से की गई है। वहीं मौके पर फॉरेंसिक टीम डॉग स्क्वाड भी पहुंचकर जांच पड़ताल में जुटी रही। पत्नी संतरा देवी से लंबे दिनों से विवाद चल रहा था। मृतक की तीन बेटी व दो बेटा हैं। मृतक दो भाइयों में सबसे छोटा था। मृतक का ससुराल चक सिकंदर थाना उतरांव निवासी स्वर्गीय सुभाष हरिजन के यहां हुई थी। लालमणि की मौत से उनके परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस हर पहलुओं पर जांच कर रही है।थाना प्रभारी पंकज त्रिपाठी ने बताया कि जल्द ही हत्या का खुलासा होगा।

**चप्पल ही खोलेगा हत्या का राज**

एक लाल रंग का लखानी चप्पल एक गोल्डन रंग का चप्पल पुलिस ने बरामद किया। पुलिस इसी साक्ष्यों के अनुसार हत्या करने वाले आरोपियों तक पहुंचेगी। जल्दी हत्या का खुलासा करेगी।

# फुलतारा से धरे गए दहेज हत्या में वांछित चल रहे अभियुक्त

**शंकरगढ़।** दहेज हत्या के मामले में वांछित चल रहे दो अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के उपरांत दोनों का चालान भेज दिया गया। यह गिरफ्तारी यमुनानगर के शंकरगढ़ थाने की पुलिस ने की है। शंकरगढ़ थाने के सब इंस्पेक्टर अनुराग ने बताया कि धारा 498ए, 304बी, 316 व 3/4 डीपी एक्ट के प्रकरण में दो अभियुक्त कृष्ण कुमार निषाद पुत्र उमाशंकर निषाद (ग्राम छतरगढ़, शंकरगढ़) और लाल बहादुर निषाद पुत्र नारायण निषाद (निवासी ग्राम बरहा कुटरा, मऊ, चित्रकूट) वांछित चल रहे थे। पुलिस दोनों की तलाश में थी। गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने क्षेत्र के फूलतारा गांव में घेराबंदी कर दोनों को दबोच लिया। दोनों का चालान भेज दिया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में कांस्टेबल कांस्टेबल प्रभु नारायण पांडेय और पुत्तीलाल भी शामिल रहे।

# शव की पहचान होते ही मचा हड़कंप बांदा हाईवे पर लगाया जाम

## रेलवे ट्रैक पर मिला था बुंदावा के उमेश का क्षत-विक्षत शव, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**अखंड भारत संदेश**

**बारा।** घूरपुर थाना क्षेत्र में रेलवे ट्रैक पर मिले अज्ञात युवक के शव की पहचान हो गई। जैसे ही आज शव की पहचान हुई, रोते-बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए और शव को बांदा हाईवे पर रखकर जाम लगा दिया। हाईवे पर जाम लगाए जाने की सूचन पर पहुंची मुकामी पुलिस ने लोगों को समझाकर जाम खाली करवाया।इस चक्काजाम की वजह से लगभग एक घंटे हाईवे जाम रहा। जानकारी के मुताबिक घूरपुर थाना क्षेत्र के बुंदावा के रहने वाले उमेश पाल का समीप ही रेलवे ट्रैक पर शव पाया गया था। शव काफी कट-फटा था।गुरुवार को उमेश पाल के शव की पहचान हुई तो इसकी जानकारी उसके घरवालों तक पहुंची।सूचना मिलते ही पहुंचे परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए बांदा हाईवे पर शव रख चक्काजाम कर दिया। परिजनों ने आरोप लगाया कि गांव के ही लोगों द्वारा पैसे को लेकर घर पर आकर जान से मारने की धमकी दी गई थी और जबरन तीन



हजार रुपये छीन लिए गए थे। इसके अलावा भी पैसे की मांग की जा रही थी। पैसा नहीं देने पर दबंगों द्वारा करंट लगाकर जान से मारने की धमकी दी जा रही थी। रुपये छीने जाने की घटना के कुछ घंटे बाद ही यह घटना हो गई। उमेश की मौत से उसके बुजुर्ग मां-बाप के साथ ही तीन बच्चों व पत्नी का सहारा छिन गया है। इसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने जसरा सब्जी मंडी के सामने बांदा रोड पर लकड़ी व शव को रखकर जाम लगा दिया। इस वजह से दोनों तरफ एक किमी वाहनों की कतार लग गई। हालांकि, मौके पर पहुंची घूरपुर पुलिस व उच्चाधिकारी लोगों के रोष को शांत करने में सफल रहे। घूरपुर पुलिस का कहना है कि शव को कब्जे में लेकर चीरघर भेजा जा रहा है। परिजनों के द्वारा दी जाने वाली तहरीर के आधार पर आगे की का?वाही की जाएगी। अब मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।

# रंजिशन महिला व परिजनों को मारा पीटा 7 पर दर्ज हुआ मुकदमा

**मऊआइमा।** मऊआइमा इलाके के शहबाज पुर गांव में टमाटर तोडने गयी महिला को मारा पीटा गया जब महिला का पुत्र बीच बचाव में गया तो उसे तथा उसके चाचा को मारा गया। पुलिस ने सात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के शहबाजपुर गांव निवासी अनुराग कुमार पुत्र स्वर्गीय मनोज कुमार का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर पडोसी उसकी माता संगीता देवी खेत में जब टमाटर तोड कर घर आ रही थी तो उसे मारा गया जब उसके चाचा बोले तो उसे और मुझे मारा पीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दी गई। अनुराग कुमार ने मऊआइमा थाने में विपिन कुमार, सुरेंद्र कुमार, महेंद्र कुमार, सुभाषचंद्र,गुलाब चन्द्र, सचिन कुमार, धर्मेन्द्र कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# गन्ने टोल प्लाजा पर चेकिंग के दौरान कार से मिले 5.5 लाख रुपये कैश

## एफएसटी प्रथम व तृतीय टीम के साथ बारा प्रभारी कर रहे थे वाहनों की जांच

**अखंड भारत संदेश**

**बारा।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चलाए जा रहे वाहन चेकिंग अभियान के दौरान यमुनानगर क्षेत्र में एक कार से 5.5 लाख रुपये नगद बरामद हुए हैं। एफएसटी तृतीय के मजिस्ट्रेट राजकुमार पटेल ने नगदी को सीज करते हुए अग्रिम कार्यवाही के लिए निर्देशित किया है। बताते चलें कि अभी चंद रोज पहले ही शंकरगढ़ थाना क्षेत्र में कार से भारी मात्रा में नगदी बरामद हुई है।यह जानकारी देते हुए बारा थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि गुरुवार को दोपहर वह एफएसटी तृतीय व प्रथम टीम के साथ वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। चेकिंग के दौरान गन्ने टोल प्लाजा पर एमपी की तरफ से आने वाली एक कार (एमपी04-जेडपी-8707) की तलाशी ली गई। विनोद कुमार ने बताया कि तलाशी के दौरान कार से कुल 5.5 लाख रुपये नगद बरामद हुए। यह कार भोपाल जनपद के ओल्ड मिनल रेसीडेंसी, जेके रोड, अयोध्यानगर निवासी शुभम शुक्ल पुत्र सत्यप्रकाश शुक्ल की है। नगदी को मालखाने में जमा करवा दिया गया है।चेकिंग टीम में मजिस्ट्रेट राजकुमार पटेल, विनोद कुमार द्विवेदी, एसआई रामाश्रय, बाबूलाल राम, नरेश कुमार, पंकज, प्रीति चौधरी, अंकिता यादव मौजूद रहीं।



# जय श्री राम अबकी बार 400 पार से गुंजायमान हुआ चनेथू



**जंघई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा ऊंज भदोही में शामिल होने के लिए भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकताओं का समूह जय श्री राम, अबकी बार 400 पार, वंदेमातरम के नारों के साथ बूथ अध्यक्ष माता शंकर शुक्ल डिंपल के नेतृत्व में चनेथू चौराहे से बस में सवार होकर भदोही लोकसभा की चुनावी जनसभा में प्रधानमंत्री के विचारों को सुनने ऊंज भदोही जनसभा हेतु प्रस्थान किया। यात्रा में सूर्यमणि शुक्ला, अजय शुक्ला, प्रद्युम्न शुक्ल, राजा तिवारी, अतुल तिवारी, मनीष जायसवाल सहित तमाम लोग शामिल रहे।

# मेजा ब्लाक के आधा दर्जन से अधिक प्रधानों ने थामा भाजपा का दामन दिया समर्थन

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** विकास खंड मेजा के प्रधान संघ के महामंत्री तथा वर्तमान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मुरारी यादव के नेतृत्व में आधा दर्जन से अधिक प्रधानों एवं प्रधान प्रतिनिधियों ने भाजपा लोकसभा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी की पत्नी एवं प्रदेश महामंत्री कविता यादव त्रिपाठी से उनके आवास पर मुलाकात कर पूर्ण समर्थन देते हुए भाजपा का दामन थाम लिया है। जिससे यह बात अब साफ हो गई है कि यादव समाज का कहीं न कहीं कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों से मोह भंग हो चुका है। उल्लेखनीय है कि जैसे जैसे लोकसभा चुनाव की



तारीख नजदीक आ रही है समाज के सभी वर्ग के लोगों की स्थितियां स्पष्ट होती जा रही है। शायद यही वजह है कि राजनैतिक क्षेत्र में अपनी अहम भूमिका निभाने वाला यादव समाज अब इस बात को समझ चुका है कि उसका राजनैतिक स्तर कांग्रेस में नहीं बल्कि भाजपा में ही निहित है या फिर यह भी हो सकता है कि जाति गत राजनीति को देखते हुए यह समाज श्रीमती कविता यादव के पति नीरज त्रिपाठी के समर्थन में कूद पड़ा हो। फिलहाल जो भी हो लेकिन बुधवार को अचानक श्रीमती कविता यादव के आवास पर प्रधान संघ मेजा के महामंत्री एवं वर्तमान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मुरारी यादव के नेतृत्व में प्रधान प्रतिनिधि लोटाढ मुलायम सिंह यादव प्रधान भुस्का रामजी यादव प्रधान उसकी शशीकांत भारतीय प्रधान घोरी प्रधान प्रतिनिधि अतरी अमिलिया प्रधान प्रतिनिधि जरार अरशद खान प्रधान जमुआ राकेश यादव तथा पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मैना देवी सहित कई अन्य प्रधान एवं प्रधान प्रतिनिधियों ने भाजपा की प्रदेश महामंत्री एवं भाजपा लोकसभा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी की धर्म पत्नी श्रीमती कविता यादव त्रिपाठी के आवास पर पहुंचकर अपना समर्थन देते हुए भाजपा का दामन थाम लिया है।

# जय श्री राम जयकारे के साथ नेदुला से प्रधानमंत्री की सभा में प्रस्थान



**जंघई।** मंडल उपाध्यक्ष जंघई कुशलेश दुबे के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा ऊंज भदोही में शामिल होने के लिए नेदुला केवलापुर से एक बस भरकर रवाना हुई।जय श्री राम, भारत माता की जय, वंदेमातरम, अबकी बार 400 पार के जयकारे लगाते हुए भाजपाइयों ने सभा स्थल पर प्रस्थान किया।इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष एडवोकेट कुशलेश दुबे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता एवं विकास नीति एवं सरकारी योजनाओं के फलस्वरूप केंद्र में तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 400 से अधिक सीटें जीतकर सरकार बनने जा रही है।

# ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन पंकज शुक्ल महाराज ने सुनाई श्रृष्टि विस्तार कपिलो पाख्यान सती चरित्र एवं ध्रुव चरित की कथा

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** विकास खंड उरुवा के कठौली गांव में मुख्य यजमान मूरत नारायण शर्मा श्री नारायण शर्मा व श्रीमती नयन कुमारी शर्मा के नेतृत्व मेंआयोजित 9 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के शायं 4 बजे दूसरे दिन की कथा में श्रृष्टि विस्तार कपीलो पख्यान सती चरित्र एवं ध्रुव चरित्र की कथा मुख्य कथा वाचक पंडित पंकज शुक्ल जी महाराज वृंदावन धाम व सहित्याचार पंडित अरुण कुमार तिवारी द्वारा सुनाई गई। इस दौरान कुलगुरू पंडित ओम तिवारी भी कथा में मौजूद रहे। उक्त आशय की जानकारी कथा के आयोजक साइंटिस्ट अमेरिका डा राजेश शर्मा व विनोद शर्मा ने देते हुए बताया कि श्रीमद् भागवत कथा

**कठौली की श्रीमद् भागवत कथा में श्रोताओं का उमड़ा जनसैलाब**



का कलश यात्रा के साथ शुरू होने के बाद शायं की उक्त कथा में बड़ी संख्या में उपस्थित गांव एवं अगल बगल गांव के श्रोतागण महाराज के श्री बचनों से सुना और काफी आनंदित हुए। उहोंने यह भी बताया कि अनवरत 9 दिनों तक जारी रहने वाली इस भागवत कथा के मुख्य श्रोता डॉ अनिल शर्मा अश्वनी कुमार शर्मा सुनील कुमार शर्मा सुभाष शर्मा प्रमोद शर्मा ( लल्लू ) प्रशांत राय कौशल राय प्रखर राय विवेक राय सत्यम राय आदित्य शर्मा ईशान शर्मा हर्षित राय सतीश कुमार शर्मा ललित कुमार शर्मा पत्रकार विमल राय तथा अधिवक्ता धीरज शर्मा रहे। कथा का समापन देर शाम हुआ। शर्मा बंधुओ ने बताया कि तीसरे दिन की कथा प्रहलाद चरित्र गजेन्द्र मोक्ष समुद्र मंथन बामन अवतार एवं श्रीराम श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर आधारित होगी। इस पावन अवसर पर शर्मा बंधुओं ने क्षेत्र के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने तथा कथा का अनुशरण कर जीवन को सार्थक बनाने की अपील किया है।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा है सर्वोच्च शिखर पर : नीरज त्रिपाठी

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** मेजारोड स्थित श्याम कली इंटर कॉलेज में गुरुवार को गिरिराज चैरिटेबल के अध्यक्ष प्रेमशंकर सिंह के नेतृत्व में प्रबुद्ध जन सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि भाजपा लोकसभा प्रत्याशी नीरज मिश्र रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात भाजपा नेता एवं लोकसभा प्रभारी मनोज जायसवाल ने कहा कि जब तक देश की बागडोर मोदी के हाथों में है तब तक देश सुरक्षित है। उन्होंने आगे कहा कि आज किसी की मजाल नहीं की भारत की तरफ आंख उठाकर देख ले।

अनुच्छेद 370 का खात्मा, अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण, तीन तलाक, लद्दाख व जम्मू कश्मीर को केंद्र शासित राज्य घोषित करने जैसे अभूतपूर्व निर्णय व कार्य हैं जिसको आने वाली पीढ़ियां सदैव

**मेजारोड स्थित इंद्रकली इंटर कालेज में आयोजित प्रबुद्ध जन सम्मेलन में गरजे भाजपा के दिग्गज नेता**



याद रखेंगी। इसी क्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता योगेश शुक्ल ने कहा कि जिस कश्मीर को खून से सींचा वह कश्मीर हमारा है धारा 370 नहीं चलेगी। उन्होंने कहा कि 2024 का चुनाव आने वाले भारत के लिए दुनिया की नजरों में जन आकांक्षाओं पर खरा उतरेगा। श्री शुक्ल का मानना है कि आने वाले समय में लोगों की आकांक्षा हैं कि 2047 में विकसित भारत को वे अपनी आंखो से देख सके। यह तभी संभव है जब भाजपा की नरेंद्र मोदी की सरकार बनेगी। श्री शुक्ल ने प्रबुद्ध जनो से कहा कि आप सभी समाज के महत्वपूर्ण हिस्सा है। जिम्मेदार नागरिक होने के नाते आप सभी भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी को वोट करके यमुनापार तथा केंद्र में तीसरी बार नरेंद्र मोदी की भाजपा सरकार बनाने में अपना योगदान एवं आशीर्वाद दे। लोक सभा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी आज जो अपने सर्वोच्च शिखर पर है। उसमें कार्यकताओं के साथ आप सभी प्रबुद्ध जनों का योगदान है। आप सभी समाज के बहुत ही महत्वपूर्ण हिस्सा है। जब तक देश की बागडोर मोदी के हाथों में है तब तक देश की संप्रभुता अखंडता और सुरक्षा की तरफ कोई भी देश आंख उठाकर नहीं देख सकता है। आप सभी एकजुट होकर कमल के बटन के सामने का निशान दबाकर नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करें। आयोजक मुन्नन शुक्ल व गिरिराज चौरिटेबल के अध्यक्ष प्रेम शंकर सिंह तथा रिंकू ओझा ने कार्यक्रम में पहुंचे प्रबुद्ध जनों के प्रति आभार प्रकट किया। कार्यक्रम के संयोजक केडी पांडे तथा संचालन का कार्य गड़ेवरा गांव के वर्तमान प्रधान अनिल शुक्ल ने किया।

इस मौके पर बाबा तिवारी, राज बल्लभ तिवारी, सत्यम तिवारी, विनीत शुक्ला के अलावा वरिष्ठ भाजपा नेता जयशंकर पाण्डेय, पूर्व विधायकआनंद पाण्डेय, शिवदत्त पटेल, भागवत प्रसाद, पांडेय, राजेश द्विवेदी प्रधान सोरांव, बाबा ओझा, हेमंत द्विवेदी, अभिषेक तिवारी, राजू समदरिया, मनीष तिवारी, पंकज द्विवेदी, रिंकू ओझा, अमरेश तिवारी, राहुल तिवारी, लखन केसरी, कल्लू केसरी, आमिर शकील टंकी, आशुतोष प्रजापति तथा राना सेठ आदि ने प्रमुख रूप से संबोधित किया।

शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 111 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 17 मई 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# मोदी राज में देश में महंगाई बढ़ी: प्रियंका

## अगर इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए काम करेगी

**रायबरेली**
देश में चल रहे लोकसभा चुनाव के बीच कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने गुरुवार को कहा कि अगर इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए काम करेगी। उन्होंने कहा, देश भर में हमारी बहनें उत्साह के साथ इंडिया अलायंस की सरकार बनाने के लिए तैयार हैं। जुलाई से महिलाओं के खाते में हर महीने 8500 रुपये यानी सालाना 1 लाख रुपये जमा होने से हर परिवार की आर्थिक स्थिति बदल जाएगी।

**25 लाख रुपये की मिलेगी बीमा योजना:** उन्होंने आगे इस बात पर जोर दिया कि सरकारी नौकरियों में हिस्सेदारी से महिला शक्ति मजबूत होगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि आशा, आंगनवाड़ी और रसोइया बहनों के मानदेय में केंद्र का योगदान दोगुना किया जाएगा। 25 लाख रुपये की बीमा योजना आपको मेडिकल खर्च के दलदल से बाहर निकालेगी। हालात बदल जायेंगे। इससे पहले अपने भाई और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के लिए प्रचार करते हुए, प्रियंका ने भाजपा पर उच्च मुद्रास्फीति से निपटने में असमर्थ होने का आरोप लगाया।

**देश में महंगाई बढ़ रही**
उन्होंने कहा, देशभर की महिलाएं एक ही बात कह रही हैं कि महंगाई ने जीना मुश्किल कर दिया है घर चलाना मुश्किल हो गया है। घर का हर सामान पहुंच से बाहर हो गया है। एक सिलेंडर जिसकी कीमत 400 रु थी जो 1200 रुपये में मिल रहा है। तेल, दाल, आटा, चीनी, चावल, सब्जी सब कुछ बेहद महंगा हो गया है। उन्होंने कहा कि बच्चों की पढ़ाई और दवा का खर्च उठाना मुश्किल हो रहा है, साथ ही उन्होंने कहा, आज जनता जवाबदेही की मांग कर रही है और प्रधानमंत्री जवाब देने के बजाय अप्रासंगिक बातें करके ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन देशवासी सब समझ चुके हैं। एक ही काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती।



### 400 सीटें जीत कर इंडिया गठबंधन की बन रही सरकार: अखिलेश यादव

**फतेहपुर**
**प्रधानमंत्री** मोदी द्वारा बार-बार चार सौ पार-चार सौ पार नारे का मतलब भाजपा इस बार हार रही है। इस चुनाव में इंडिया (आईएनडीआईए) गठबंधन 400 सीटें जीत कर बड़े बहुमत से केन्द्र की सरकार बनाने जा रहा है। उक्त बातें सपा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इंडिया गठबंधन प्रत्याशी नरेश उत्तम पटेल के समर्थन में फतेहपुर शहर के मुस्लिम इंटर कालेज में आयोजित जन सम्मेलन में कही। उन्होंने कहा कि भाजपा के विकास से किसान बेहाल है। 50 किलो की यूरिया खाद अब 40 किलो ही बची है और पहले से ज्यादा दाम भी देने पड़ रहे हैं।

### राहुल के प्रचार में उतरीं सोनिया गांधी, अखिलेश संग होगा पूरा गांधी परिवार

**रायबरेली**
**उत्तर प्रदेश** की सबसे हॉट सीट माने जाने वाली रायबरेली में बेटे राहुल के प्रचार में सोनिया गांधी भी उतर चुकीं हैं। गुरुवार को वह रायबरेली पहुंचीं और कार्यकताओं की बैठक में शामिल हुईं। शुक्रवार को वह इंडी गठबंधन की एक जनसभा में भी शामिल होंगीं। जिसमें सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी होंगे। साथ ही राहुल प्रियंका सहित पूरा गांधी परिवार एक ही मंच पर कल इकट्ठा होगा। दरअसल, शुक्रवार को



रायबरेली के रेयान इंटरनेशनल स्कूल में इंडी गठबंधन की एक बड़ी जनसभा होनी है,जिसमें सपा प्रमुख अखिलेश यादव संग पूरा गांधी परिवार शिरकत करेगा। गठबंधन के प्रत्याशी राहुल गांधी के साथ प्रियंका गांधी व मां सोनिया गांधी भी होंगीं।

जनसभा में सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी रहेंगें। इस सम्बंध में इंडी गठबंधन की एक बैठक भी बुलाई गई। जनसभा में शामिल होने के लिए सोनिया गांधी भी रायबरेली पहुंच गईं है,प्रियंका पहले से ही यहां चुनाव प्रचार में जुटी हुईं हैं। राहुल गांधी के कल यहां पहुंचने का कार्यक्रम है।

### पिछले दस साल से पीएम धर्म के आधार पर राजनीति कर रहे: प्रियंका



**प्रियंका गांधी ने कह कि** इस बार जनता अपने मुद्दों पर वोट करेगी और एक ऐसी सरकार बनाएगी जो अरबपतियों के लिए नहीं बल्कि आम लोगों के लिए समर्पित होगी। प्रियंका गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी तीखा हमला बोला और कहा, पिछले दस साल से प्रधानमंत्री धर्म के आधार पर राजनीति कर रहे हैं। अब वह कह रहे हैं कि उन्होंने ऐसा कभी नहीं किया। तो आप पिछले दस वर्षों से क्या कर रहे हैं? आप क्या कर रहे हैं ये पूरा देश देख रहा है। प्रधानमंत्री सिर्फ झूठ फैलाते हैं। 3 मई को, कांग्रेस ने राहुल गांधी को रायबरेली से और केएल शर्मा को अमेठी से उम्मीदवार घोषित किया था। राहुल गांधी केरल के वायनाड से मौजूदा सांसद हैं, जहां वह रायबरेली के साथ नया कार्यकाल चाह रहे हैं। राहुल ने 2004 से 2019 तक अमेठी का प्रतिनिधित्व किया। रायबरेली में उनका मुकाबला कांग्रेस छोड़कर भाजपा के तीन बार के एमएलसी दिनेश प्रताप सिंह से होगा। रायबरेली संसदीय क्षेत्र में पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होना है। 2019 के लोकसभा चुनाव में, कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने 5,34,918 वोट हासिल करके निर्वाचन क्षेत्र जीता। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी दिनेश प्रताप सिंह ने 3,67,740 वोट हासिल कर कड़ी चुनौती पेश की थी।

### कपिल सिब्बल सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्वाचित

**नई दिल्ली**
वरिष्ठ वकील और पूर्व मंत्री कपिल सिब्बल सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। कपिल सिब्बल को इस चुनाव में 1066 वोट मिले, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी और वरिष्ठ वकील प्रदीप राय को 689 वोट मिले। यह चौथी बार है जब कपिल सिब्बल सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। सिब्बल इसके पहले 1995-96, 1997-98 और 2001-2002 में सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्वाचित हुए थे।

### लोगों को गुलाम बनाकर भारत ने नहीं किया व्यापार: वैद्य

**नई दिल्ली**
राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. मनमोहन वैद्य ने गुरुवार को कहा कि हम दुनिया में व्यापार करने गए लेकिन उपनिवेश नहीं बनाए। भारत ने लोगों को गुलाम बनाकर व्यापार नहीं किया। डीयू के कन्वेंशन हाल में वी एंड द वर्ल्ड अराउंड पुस्तक पर चर्चा के दौरान पुस्तक के लेखक डॉ. मनमोहन वैद्य ने कहा कि ईस्वी सन् 01 से लेकर 1500 तक विश्व व्यापार में भारत का हिस्सा 30 प्रतिशत से अधिक था जोकि दुनिया में सर्वाधिक था। उन्होंने कहा कि वर्ष 1945 में दूसरा विश्व युद्ध समाप्त होने के बाद इंग्लैंड, जर्मनी और जापान जैसे देशों की ढांचागत क्षति बहुत हुई थी। वर्ष 1948 में इजराइल ने 1800 वर्षों के बाद नई शुरूआत की। वर्ष 1947 में भारत स्वाधीन हुआ। भारत की ढांचागत क्षति इंग्लैंड, जर्मनी और जापान जैसी नहीं हुई थी लेकिन अब तक के वर्षों में इजराइल, जर्मनी, जापान, इंग्लैंड जैसे देशों ने जितनी प्रगति की है भारत में उतनी नहीं हुई। इसका कारण है कि हमारे पास डायरेक्शन की कमी थी। इन चारों देशों में एकरूपता यह है कि हम कौन हैं, हमारा इतिहास क्या था और हमारे पुरखे कौन थे। इस बारे में सब लोग एकमत हैं। भारत में हम कौन हैं के बारे में हम सब एकमत नहीं हैं। भारत अलग-अलग संस्कृतियों का देश नहीं है, भारत की संस्कृति एक है जिसका आधार अध्यात्म है। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीयू के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने की।

## पुलिस को दर्ज कराया बयान, आशा है कार्रवाई होगी: स्वाति मालीवाल

**नई दिल्ली**
**सांसद** स्वाति मालीवाल ने मुख्यमंत्री आवास में हुई मारपीट के मामले में दिल्ली पुलिस को अपना बयान दर्ज करा दिया है। घटनाक्रम के चार दिन बाद पुलिस को बयान देने के बाद पहली बार मालीवाल ने सार्वजनिक तौर पर अपनी बात रखी है। उन्होंने कहा है कि उन्हें आशा है कि मामले पर उचित कार्रवाई होगी। मालीवाल ने सोशल मीडिया पर कहा, मेरे साथ जो हुआ वो बहुत बुरा था। मेरे साथ हुई घटना पर मैंने पुलिस को अपना स्टेटमेंट दिया है। मुझे आशा है कि उचित कार्यवाही होगी। पिछले दिन मेरे लिए बहुत कठिन रहे हैं। जिन लोगों ने



प्रार्थना की उनका धन्यवाद करती हूं। स्वाति मालीवाल ने आगे कहा कि उनका चरित्र हनन करने की कोशिश की गई है। उन्हें दूसरी पार्टियों के इशारे पर काम करने वाला बताया गया। भगवान ऐसा करने वालों को खुश रखे। देश में अहम चुनाव चल रहा है, स्वाति मालीवाल जरूरी नहीं है, देश के मुद्दे जरूरी हैं। वे भाजपा वालों से खास गुजारिश करती हैं कि इस घटना पर राजनीति न करें। दिल्ली पुलिस की एक टीम आज स्वाति मालीवाल से मिलने उनके आवास पहुंची। करीब चार घंटे बाद पुलिस उनके आवास से निकलती हुई दिखाई दी। स्पेशल सेल के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त पीएस कुशवाह के नेतृत्व में टीम दोपहर करीब 1.50 बजे घटना की जानकारी लेने के लिए सांसद के आवास पर गई। उनके साथ महिला पुलिस अधिकारी भी थीं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पुलिस कथित घटना का विवरण इकट्ठा करने के लिए मालीवाल के घर गई थी।

## पीओके हमारा था, हमारा है और हम इसे लेकर रहेंगे: अमित शाह

**"जब तक भाजपा का एक भी सांसद रहेगा तब तक कोई एससी-एसटी, ओबीसी का आरक्षण खत्म नहीं कर सकता"**

**मधुबनी**
केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि जब तक भाजपा का एक भी सांसद रहेगा तब तक कोई एससी-एसटी, ओबीसी का आरक्षण खत्म नहीं कर सकता है। विपक्ष झूठ फैला रहा है। अमित शाह ने कहा कि लालू यादव और कांग्रेस आरक्षण विरोधी हैं। विपक्ष ने तेलंगाना और कर्नाटक में मुस्लिम समाज को पांच प्रतिशत आरक्षण दिया है। यह एससी-एसटी, ओबीसी के आरक्षण पर डाका है। लालू जी भी बिहार में यही करना चाहते हैं। लालू यादव 15 साल बिहार में और 10 साल केंद्र की सत्ता में रहे मगर जननायक कपूर्री ठाकुर को सम्मान नहीं दिया। अमित शाह ने कहा कि गरीबों, पिछड़ों की आवाज उठाने वाले कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न देकर नरेन्द्र मोदी ने सम्मान दिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मधुबनी लोकसभा क्षेत्र के रहिका मध्य विद्यालय में एनडीए प्रत्याशी अमित यादव के लिये चुनावी सभा में बोल रहे थे। उन्होंने मां जानकी की धरती को प्रणाम करते हुए भाषण की शुरूआत की। कहा कि पूर्व सांसद हुकुमदेव नारायण यादव का मैं बहुत सम्मान करता हूं। उन्हें भी प्रणाम। उन्होंने मधुबनी में स्थित उच्चैठ भगवती, उगना मंदिर, राजा सलहेश समेत तमाम धार्मिक देवी-देवाताओं को प्रणाम किया। उन्होंने कहा कि कपूर्री ठाकुर अतिपिछड़ा, किसान, गरीबों, महिलाओं के लिये आवाज बुलंद करते थे। लालू जी ने उन्हें सम्मान नहीं दिया। अतिपिछड़ा का सम्मान नरेंद्र मोदी ही कर सकते हैं।



### न्यायपालिका अजिम्मेदारियों एवं कर्तव्यों के प्रति सचेत: सूर्यकांत



**नई दिल्ली**
**सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश सूर्यकां**त ने कहा कि न्यायपालिका अपनी जिम्मेदारियों एवं अपने कर्तव्यों के प्रति सचेत है और पृथक्करण व कानून के शासन के सिद्धांतों को ध्यान में रखती है। उन्होंने कहा कि उत्साही न्यायपालिका भारतीय लोकतांत्रिक प्रणाली की पहचान है जहां हम कानून के शासन व सुशासन में विश्वास करते हैं और यह सुनिश्चित करना हमारा कर्तव्य है कि यह प्रतिबद्धता दिन प्रतिदिन बनी रहे।

**भारत में है न्यायिक सक्रियता-जस्टिस सूर्यकांत**
इंडियन काउंसिल फॉर लीगल जस्टिस द्वारा आयोजित 'लोकतांत्रिक विकास में सतत न्यायशास्त्र' पर सेमिनार में जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि यह न्यायपालिका एवं न्यायिक तंत्र ही है जो आमजन की चिंताओं से लगातार एवं व्यापक रूप से जुड़े रहते हैं। उन्होंने कहा कि मैं भारत में विधायिका की भूमिका को भी कमतर या अनदेखा नहीं करना चाहता। भारत उन लोकतांत्रिक देशों में से एक है जहां न्यायिक सक्रियता के अलावा हमने विधायी तंत्र का भी सुखद अनुभव किया है। जब हम न्यायपालिका की भूमिका के बारे में बात करते हैं तो हम शक्तियों के पृथक्करण और कानून के शासन के सिद्धांतों को भी ध्यान में रखते हैं। हम सभी वास्तव में मानते हैं कि न्यायपालिका अपनी जिम्मेदारी एवं कर्तव्यों के प्रति सचेत है। ये बेहद आधारभूत सिद्धांत हैं जो न सिर्फ शक्ति के केंद्रीकरण को रोकते हैं, बल्कि लगातार यह सुनिश्चित करते हैं कि वैश्विक मंच पर भारत की छवि एक सफल एवं सबसे बड़े लोकतंत्र की बनी रहे।

## ...तो आरोपी को पीएमएलए के तहत ईडी नहीं कर सकती गिरफ्तार: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली**
सुप्रीम कोर्ट ने आज ईडी की गिरफ्तारी को लेकर एक बड़ी टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा कि पीएमएलए कानून के प्रावधानों के तहत अगर विशेष अदालत ने शिकायत पर स्वतः संज्ञान ले लिया है तो फिर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकती।



**हिरासत में लेना है तो कोर्ट को आवेदन देना होगा: सुप्रीम कोर्ट**

सुप्रीम कोर्ट ने आगे कहा कि ईडी को अगर आरोपी को हिरासत में लेना है तो उसे पहले संबंधित कोर्ट में आवेदन देना होगा। आवेदन से संतुष्ट होने के बाद ही अदालत, ईडी को आरोपी की हिरासत देगी। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि जब कोई आरोपी किसी समन के अनुपालन में अदालत के समक्ष पेश होता है, तो एजेंसी को उसकी हिरासत पाने के लिए संबंधित अदालत में आवेदन करना होगा।

**मनी लॉन्ड्रिंग मामले पर अदालत ने की टिप्पणी**
याचिकाकर्ता ने पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के दिसंबर 2023 के आदेश को चुनौती दी थी।

### भारत अगामी वित्त वर्ष में दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा: सान्याल

**नई दिल्ली**
प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (पीएमईएसी) के सदस्य संजीव सान्याल ने गुरुवार को कहा कि भारत वित्त वर्ष 2024-25 में चार हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था होगा। उन्होंने कहा कि भारत अगले वित्त वर्ष 2025-26 की शुरूआत में ही जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। संजीव सान्याल ने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि कमजोर निर्यात समेत विभिन्न चुनौतियों को देखते हुए देश के लिए सात फीसदी की आर्थिक वृद्धि दर अच्छी वृद्धि दर होगी। उल्लेखनीय है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हाल ही में कहा था कि भारत 2027 तक जापान और जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। भारत अभी अमेरिकी डॉलर के संदर्भ में दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।

## केजरीवाल पर भारी पड़ रहा स्वाति मालीवाल विवाद

**केजरीवाल लखनऊ में सपा नेता अखिलेश यादव के साथ प्रेस कांफ्रेंस कर एक बड़ा राजनीतिक संदेश देने की कोशिश कर रहे थे, पूरे प्रेस कांफ्रेंस पर स्वाति मालीवाल विवाद भारी पड़ा**





**नई दिल्ली**
स्वाति मालीवाल के साथ हुई हिंसा का मामला अरविंद केजरीवाल के पूरे चुनावी अभियान पर भारी पड़ रहा है। अरविंद केजरीवाल जहां भी जा रहे हैं, उनसे मुख्यमंत्री आवास में राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल से हुई मारपीट पर पर प्रश्न पूछे जा रहे हैं। इससे अरविंद केजरीवाल का राजनीतिक अभियान पीछे छूट जा रहा है, जबकि स्वाति मालीवाल विवाद ज्यादा तेजी के साथ उभर कर सामने आ रहा है। केजरीवाल का बिभव कुमार पर कोई कार्रवाई करने की बजाय उसे अपने साथ लेकर घूमना भी आम आदमी पार्टी के लिए नई परेशानी का कारण बन रहा है। इससे लोकसभा चुनावों के ठीक बीच आम आदमी पार्टी की परेशानियां बढ़ गई हैं।

गुरुवार को जब अरविंद केजरीवाल लखनऊ में सपा नेता अखिलेश यादव के साथ प्रेस कांफ्रेंस कर एक बड़ा राजनीतिक संदेश देने की कोशिश कर रहे थे, पूरे प्रेस कांफ्रेंस पर स्वाति मालीवाल विवाद भारी पड़ गया। आम आदमी पार्टी नेता से स्वाति मालीवाल विवाद पर अब तक कोई कार्रवाई न करने पर प्रश्न पूछे गए। अरविंद केजरीवाल ने इस विषय पर कोई जवाब नहीं दिया। हालांकि, संजय सिंह ने आम आदमी पार्टी को एक परिवार बताकर एक बार फिर यह बताने की कोशिश की कि स्वाति मालीवाल विवाद उनकी पार्टी का आंतरिक मामला है और इसका समाधान खोज लिया जाएगा। लेकिन पूरी प्रेस कांफ्रेंस पर स्वाति मालीवाल विवाद जिस तरह भारी पड़ा, उससे केजरीवाल का वह संदेश पीछे छूट गया जो वे देना चाहते थे।

**केजरीवाल की गलती पड़ रही भारी**
दरअसल, स्वाति मालीवाल विवाद होने के बाद संजय सिंह ने एक प्रेस कांफ्रेंस कर कहा था कि अरविंद केजरीवाल ने इस मामले को बहुत गंभीरता से लिया है। वे इस मामले में जल्द ही कड़ी कार्रवाई करेंगे। लेकिन आज 16 मई को जब अरविंद केजरीवाल लखनऊ में प्रेस कांफ्रेंस के लिए पहुंचे, उनके साथ स्वाति के साथ हिंसा करने के आरोपी बिभव कुमार दिखाई पड़े। इससे लोगों का पूरा ध्यान उन्हीं की ओर चला गया। लोगों का मानना है कि जिस व्यक्ति को लेकर इतना गंभीर विवाद चल रहा है, उसे ही साथ लेकर चलना पार्टी को नुकसान पहुंचा सकता है। फिलहाल के लिए अरविंद केजरीवाल को बिभव कुमार को साथ लेने से दूरी बरतनी चाहिए।

# गंगा तट पर तीन महीने के भीतर सौ से अधिक शवों को किया गया दफन, एसडीएम ने दिया जांच का आदेश

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रभु श्रीराम के वन गमन के पड़ाव शृंग्वेरपुरधाम में गंगा तट पर खुलेआम रेत समाधि दी जा रही है। जबकि, डीएम ने गंगा तटों पर शवों को दफनाने पर रोक लगाई है। इसके बावजूद यहां तीन महीने के भीतर सौ से अधिक शवों को दफनाया जा चुका है। यहां से लगे खुरेसर में भी शवों को दफनाया जा रहा है। बुधवार को एसडीएम सोरांव गणेश कन्नौजिया से जब पूछा गया, तब पहले तो उन्होंने अनभिज्ञता जाहिर की, बाद में उनका कहना था कि इस पर सख्ती से रोक लगाई जाएगी। ऐसा कब से और कैसे हो रहा है, इसकी जांच भी कराई जाएगी।

जहां प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मां गंगा का पूजन, आरती और स्नान के लिए दूर-दराज के इलाकों से पहुंचते हैं, वहीं इन दिनों गंगा तट पर शवों को दफनाया जा रहा है। शृंग्वेरपुर में गंगा तट पर वर्ष 2017 में भी शवों को दफनाए जाने की बात सामने आई थी। इसके बाद कोरोना काल में तो लोग गंगा तट पर अंतिम संस्कार की बजाए शवों को छोड़कर जाने लगे थे। तब बड़ी संख्या में शवों को यहां दफनाया गया था।इसके बाद जब बाढ़ के दिनों में रेत में ढंके शवों से रामनामी उधड़कर बाहर आने लगी और शव गंगा में बहते देखे जाने लगे, तब इस पर देश भर में शोर-शराबा मचा था। इसके बाद गंगा तटों पर शवों को दफनाने पर रोक लगा दी गई थी। लेकिन, इन दिनों शृंग्वेरपुरधाम के भैरव घाट, सीता कुंड घाट, गऊघाट से थोड़ा पहले बने घाट पर तीन महीने के दौरान सौ से अधिक शवों को दफनाया जा चुका है। गंगा तीरे कब्रिस्तान आकार ले रहा है। इससे हर रोज श्रद्धालुओं को परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं। मानसून का समय नजदीक आने के साथ ही ग्रामीणों की चिंता बढ़ती जा रही है। कहा जा रहा है कि बाढ़ के समय गंगा में दफनाए गए शव बहते नजर आने लगते हैं। इससे बदबू फैलती है।



### बाहर से शवों को दफनाने आते हैं लोग...

थाना नवाबगंज क्षेत्र में सीता कुंड घाट पर शवों को दफनाया जाना प्रशासन की उदासीनता का नतीजा माना जा रहा है। कहा जा रहा है कि बाहरी लोग यहां शव दफनाने के लिए अधिक संख्या में आ रहे हैं। कोरोना काल के बाद भी शवों को दफनाने से रोका गया था, लेकिन अब फिर रेत समाधि दी जा रही है। यह बेहद चिंता का विषय है। इससे सनातन धर्म को मानने वाले श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत हो रही हैं।

**– अरुण द्विवेदी अध्यक्ष, शृंग्वेरपुर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट**

## बांदा से आई महिला के साथ टप्पेबाजी, लाखों के गहने गायब

**झूंसी।** बांदा से झूंसी आई एक महिला के साथ हुई टप्पे बाजी का मामला प्रकाश में आया है ऑटो में बैठ कर दारागंज से झूंसी आ रही महिला के बैग से टप्पेबाजों ने लाखों के गहने निकाल फरार हो गए। तीन दिन पहले हुई घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस सीसी टीवी की मदद से ऑटो व उसमे सवार टप्पेबाजों की तलाश कर रही है। बांदा जिले के तिंदवारी रामनगर निवासी संध्या विश्वकर्मा पुत्री शिवबदन ने बताया कि उसके पति झूंसी में रह कर नौकरी करते हैं वह उन्हीं के पास आ रही थी दारागंज में एक ऑटो में बैठी झूंसी आने के लिए ऑटो में एक महिला व कुछ पुरुष बैठे थे। झूंसी पेट्रोल पंप के निकट जब वह उतरी तो उसके बैग की चेन खुली थी और उसमें रखा पर्स गायब था। महिला ने बताया कि पर्स में सोने की चार जोड़ी बाली, टप्स व कुछ नगदी थी। पीड़िता आस पास नजर दौड़ाई पर ऑटो जा चुका था। बतादे की झूंसी में शातिर टप्पेबाज ऑटो में बैठाकर कर कई लोगों को अपना निशाना बना चुके है। जिसमे ऑटो चालक भी शामिल रहते है। कुछ दिन पहले ही एक वैज्ञानिक के साथ घटना हुई थी। वैज्ञानिक ने ऑटो में सवार एक युवक को पकड़ पुलिस को सौप दिया था। बाकी ऑटो चालक समेत फरार हो गए थे।



## नेशनल इंग्लिश स्कूल के बच्चों ने निकाली रैली, किया जागरुक, शत प्रतिशत मतदान का किया आह्वान

**प्रयागराज।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चलाए जा रहे स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरुकता का कार्यक्रम अनवरत जारी है। शहर से लेकर गांवों तक में स्थित विद्यालयों के द्वारा भी मतदाताओं को जागरुक करने में कोई कमी नहीं छोड़ी जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार को डीसीपीसी के तत्वावधान में नेशनल इंग्लिश स्कूल, प्रयाग स्ट्रीट, कटरा के बच्चों ने जागरुकता रैली निकाली। स्कूल के परिधान में बच्चों ने झंडा, बैनर और तख्ती लेकर विद्यालय और आसपास के मोहल्लों में जागरुकता रैली निकाली और सभी जनसामान्य से मतदान की अपील की। रैली के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी और भारत निर्वाचन आयोग की अपील से भी अवगत कराया गया। रैली से पूर्व स्कूल परिसर में प्रधानाचार्य दीपा जोशी द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को मतदान का महत्व समझाया गया। प्रधानाचार्य ने कहा, बड़े त्याग और बलिदान के पश्चात हम सभी को मतदान का अधिकार प्राप्त हुआ है। इसे व्यर्थ नहीं जाने देना चाहिए। अंत में सभी बच्चों को मतदाता जागरुकता की शपथ दिलाई गई। डीसीपीसी के सचिव संतोष कुमार श्रीवास्तव ने बच्चों से आह्वान किया कि वह घर जाकर अपने घरवालों और आसपास रहने वालों को मतदान केलिए प्रेरित करेंगे, ताकि मतदान के दिन अधिक से अधिक लोग मतदान कर सकें। संचालन संगठन संगठन सचिव सतीश चंद्र मिश्र ने किया। कार्यक्रम में समिति के अजीत कुमार सिंह, संदीप सोनी समेत विद्यालय के अध्यापक, स्टाफ एवं परिचारक वर्ग उपस्थित रहे।



## छात्राओं में वितरित की गंगा स्वच्छता का संदेश दे रही चाचा चौधरी की कॉमिक्स

**प्रयागराज।** जिला गंगा समिति प्रयागराज द्वारा गुरुवार को केपी गर्ल्स इंटर कॉलेज में गंगा स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत 'चाचा चौधरी के साथ गंगा की बात ' कॉमिक्स छात्राओ में वितरित कि गई। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य अमिता सक्सेना , जिला परियोजना अधिकारी(नमामि गंगे) एशा सिंह , अध्यापिका लता एवं राखी चौधरी मौजूद रही। कार्यक्रम में जिला परियोजना अधिकारी ने बताया कि चाचा चौधरी से जुड़े कॉमिक इस उद्देश्य से तैयार की गई जिससे बच्चों में गंगा एवं अन्य नदियों के प्रति व्यवहारगत बदलाव आए। बच्चों को इस अभियान में शामिल करने का फायदा होगा, क्योंकि अगर बच्चे इस अभियान को आगे बढ़ाएंगे तो इसका पूरे समाज पर भी असर पड़ेगा। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा प्रदूषण से प्रभावित जल निकायों को साफ करने और उन्हें साफ बनाए रखने के लिए अपने आउटरीच और सार्वजनिक संचार प्रयासों के तहत युवाओं पर ध्यान केंद्रित कर रही। प्रधानाचार्य अमिता सक्सेना ने कहा की गंगा के विषय पर कॉमिक्स द्वारा जानकारी प्रसारित करने का यह मनोरंजक एवं रचनात्मक तरीका है। इससे छात्रों को गंगा संबंधित जानकारी सरलता से हासिल होगी कार्यक्रम में छात्रओ ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया तथा अंत में गंगा शपथ के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## नैनी पुलिस द्वारा लूट के अभियोगों से संबंधित 02 अभियुक्त गिरफ्तार

**नैनी।** नैनी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक यशपाल सिंह के कुशल नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा थाना नैनी में पंजीकृत लूट के अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया 1.राकेश यादव उर्फ गोलू पुत्र राजेश यादव निवासी 621/अ चमनगंज बाजार थाना झूंसी प्रयागराज 2.मूसे पुत्र छोटेलाल निवासी चमनगंज थाना झूंसी प्रयागराज गुरुवार को 24 घंटे के अन्दर बंधा रोड नैनी के पास थाना क्षेत्र नैनी से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों उपरोक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 मोटरसाइकिल तथा अभियुक्त मूसे के कब्जे से 01 चैन(पीली धातु), 01 अवैध तमंचा .315 बोर व 01 कारतूस .315 बोर बरामद किया गया । उक्त गिरफ्तारी /बरामदगी के आधार पर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

# 2026 तक भारत को मिल सकती है डेंगू रोधी वैक्सीन

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** राष्ट्रीय डेंगू दिवस के मौके पर आज गुरुवार को मोती लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में ह्लसमुदाय से जुड़ें और डेंगू को नियंत्रित करेंह्व थीम पर आधारित कार्यशाला का आयोजन किया गया। यहां डेंगू के रोकथाम, इलाज व वैक्सीन पर मंथन किया गया।संस्था के प्रबंध निदेशक के. आनंद कुमार कहा कि ह्लभारत में डेंगू का टीका 2026 तक उपलब्ध हो सकता है। इंडियन इम्यूनो लॉजिकल्स लिमिटेड ने वैक्सीन की सुरक्षा निर्धारित करने के लिए क्लीनिकल परीक्षण का पहला चरण पूरा कर लिया है। वैक्सीन की प्रभावकारिता का परीक्षण करने के लिए परीक्षणों का दूसरा और तीसरा चरण शीघ्र ही शुरू होने की उम्मीद है। तीनों के उपरांत ही संभवतः 2026 तक डेंगू का टीका भी भारत में उपलब्ध हो जायगा।





### गंभीर रूप में बदल सकता है डेंगू बुखार : सीएमओ

मुख्य अतिथि सीएमओ डॉ. आशु पांडेय ने कहा कि डेंगू बुखार के विशिष्ट लक्षणों में अचानक तेज बुखार आना, गंभीर सिरदर्द, रेट्रो-ऑर्बिटल दर्द (आंखों के पीछे दर्द), जोड़ों और मांसपेशियों में दर्द, दाने और हल्के रक्तस्राव जैसे या मसूड़ों से खून आना आदि शामिल हैं। कुछ मामलों में डेंगू बुखार गंभीर रूपों में विकसित हो सकता है। उन्होंने सावधानी व सर्तकता को डेंगू से बचाव का प्रमुख आधार बताया।वहीं एमएलएम मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉ. वत्सला मिश्रा ने कहा कि डेंगू बुखार एक महत्वपूर्ण वैश्विक स्वास्थ्य समस्या है, विशेष रूप से ट्रॉपिकल और सबट्रॉपिकल क्षेत्रों में और मुख्य रूप से एशिया में 100 से अधिक देशों में डेंगू का प्रकोप है। उत्तर प्रदेश की बड़ी आबादी डेंगू के प्रकोप के प्रति अधिक संवेदनशील है। विशेष रूप से उच्च जनसंख्या घनत्व वाले शहरी क्षेत्रों में एडीज मच्छरों के प्रजनन स्थलों की प्रचुरता के कारण डेंगू नियंत्रण में अधिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

### डेंगू वायरस के चार सीरोटाइप : डॉ. रीना सचान

माइक्रोबायोलॉजी की विभागाध्यक्ष डॉ. रीना सचान ने कहा कि डेंगू मुख्य रूप से एडीज एजिप्टी मच्छर से फैलता है। हालांकि एडीज एल्बोपिक्टस भी इस वायरस को फैला सकता है। यह मच्छर आम तौर पर दिन के समय काटते हैं। डेंगू वायरस के चार सीरोटाइप (डेन-1, डेन-2, डेन-3 और डेन-4) होते है। कार्यक्रम में जिला मलेरिया अधिकारी आनंद सिंह, एसआरएन अस्पताल के प्रमुख अधीक्षक डॉ. अजय सक्सेना, डॉ. खुर्शीद परवीन, डॉ. समृति सिंह, डॉ. रवि रानी सहित अन्य मौजूद रहे।

# नरेंद्र मोदी की झूठी फैक्ट्री बेनकाब हो चुकी है जनता झांसे में आने वाली नहीं है : दिग्विजय सिंह

अखंड भारत संदेश

**करछना।** प्रयागराज लोकसभा चुनाव इंडिया गठबंधन प्रयागराज लोकसभा 52 के इंडिया गठबंधन प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह के समर्थन में गुरुवार को करछना विधानसभा क्षेत्र के धरवारा में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मध्यप्रदेश कांग्रेस के नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए कहा कि नरेन्द्र मोदी भाजपा सरकार की झूठी फैक्ट्री का पदार्फाश हो चुका है और जुमले बाजी और अधिक समय तक नहीं चलने वाली है और अबकी बार जनता इंडिया गठबंधन एलाइंस की सरकार बनाने के मूड में भाजपा को करारा जवाब देने का मन बना चुकी है, उन्होंने कहा कि मंदिर, मस्जिद हिन्दू मुस्लिम के नाम पर समाज को बांटने का कार्य भाजपा सरकार ने किया, तथा महंगाई और बेरोजगारी का नाम नहीं ले रही है सरकार दस साल तक किसानों बेरोजगारों को जाति पात के नाम पर बांट कर लोगों को ठगने का कार्य किया है उन्होंने ने इंडिया एलाइंस के घोषणा पत्र की गारंटी को सरकार बनाने पर सभी धरातल पर उतारा जाएगा और सभी वर्गों को लाभ मिलेगा, कांग्रेस शासन काल में किसानों के कर्जे माफ किए गए थे, और इंडिया गठबंधन की सरकार बनते किसानों के कर्जे माफ किए जायेंगे का भरोसा दिलाया और उज्जवल रमण सिंह को भारी मतों से विजई बनाए जाने को लेकर क्षेत्रीय लोगों से अपील की, इंडिया गठबंधन प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह ने कार्यकताओं, समर्थकों के प्रति अभिवादन किया और सरकार बनने पर क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव प्रयास करने का भरोसा दिलाया, कार्यक्रम में प्रयागराज के पूर्व सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में कहा कि हमने पचास साल तक क्षेत्र के लोगो की सेवा किया है और मेरे द्वारा जों कार्य छूट गया है उसे अब आपके बीच उज्जवल रमण सिंह पूरा करेंगे उन्होंने कहा कि यह मेरे राजनीति का अंतिम चुनाव है और मेरे विश्वास को कायम रखते हुए उज्जवल रमण सिंह को आशीर्वाद दें यह बोलते हुए उनकी आंखें भर आईं। इस बीच जनसभा में उपस्थित भीड़ ने तालियों से स्वागत करते हुए उज्जवल रमण सिंह के जीत के नारे लगाते हुए और इंडिया गठबंधन प्रत्याशी उज्जवल रमण के प्रति आभार व्यक्त किया, जन सभा को संबोधित करने वालों में प्रमुख रूप से पूर्व प्रमुख करछना विजय राज सिंह उर्फ राजू सिंह, जिला पंचायत सदस्य डॉ विजय बाबू यादव, चाका पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि राजकुमार यादव, डॉ दिनेश कुमार सोनी, विनय कुशवाहा, विधायक कोरांव, विनय सिंह,बीरु सिंह, डीआर सिंह एडवोकेट, सहित बड़ी संख्या महिलाओं सहित हजारों की संख्या में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के समर्थक उपस्थित रहे।

### इंडिया गठबंधन सरकार बनते किसानों के कर्जे होंगे माफ और युवाओं को मिलेगा रोजगार




## असामाजिक तत्वों द्वारा झूठा आरोप लगाकर यीशु दरबार को बदनाम करने की साजिश

**नैनी, प्रयागराज।** शुआट्स का यीशु दरबार चर्च गत 1 जनवरी 2024 से बन्द चल रहा है कतिपय लोगों द्वारा झूठी घटना के आधार पर यीशु दरबार को बदनाम किया जा रहा है। एसोसिएट मीडिया प्रभारी कौशल सक्सेना ने बताया कि किसी युवक द्वारा थाना नैनी, प्रयागराज में झूठी तहरीर दी गई है कि उसे विगत एक माह पूर्व उसे यीशु दरबार लेजाकर धर्मान्तरण के लिये पैसे दिये गये जबकि सत्यता यह है कि विगत 04 माह से यीशु दरबार बन्द चल रहा है वहां किसी भी बाहरी व्यक्ति के आने-जाने पर रोक लगी हुई है। इसके अतिरिक्त यीशु दरबार में न तो किसी को क्रास का लॉकेट पहनाया जाता है न ही किसी प्रकार के जल का छिड़काव किया जाता है। कथित व्यक्ति द्वारा धर्मान्तरण आदि का झूठा, मनगढ़न्त व निराधार आरोप लगाकर यीशु दरबार को बदनाम किया जा रहा है। शुआट्स एवं यीशु दरबार, उक्त झूठी घटना का खण्डन करता है और पुलिस प्रशासन से मांग करता है झूठी व फर्जी तहरीर देने वाले तथा शुआट्स और यीशु दरबार को बदनाम करने वालों के विरूद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही की जाये।

## भीषण गर्मी में चकरा कर बाइक से गिरी महिला की हालात नाजुक

**मऊआइमा।** भीषण गर्मी में प्रतापगढ़ से बाइक से आ रहे महिला के चकरा कर गिरने से वह बेहोश हो गई।जिसे प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रतापगढ के जोगापुर निवासी राम भरोस अपनी पत्नी रेखा 38वर्ष को बाइक से लेकर गुरूवार को दोपहर में प्रयागराज जा रहे थे। जैसे वह ब्लाक तीराहे पर पहुंचे रेखा भीषण गर्मी के कारण चकरा कर गिर पडी। बेहोशी की हालत में रेखा को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका उपचार चल रहा है।

## न्यूज झरोखा

### चक रघुनाथ के कई मोहल्ले में पानी की समस्या



**नैनी।** नैनी क्षेत्र के चक रघुनाथ में स्टेशन रोड हनुमान नगर में सड़क चौड़ीकरण को लेकर जेसीबी से नल की खुदाई करवाते वक्त पानी की पाइप लाइन टूट जाने के कारण कई मोहल्ले में गुरुवार को पानी सुबह से नहीं आया नगर महापालिका स्कूल में ट्यूबवेल लगा हुआ है जहां ऑपरेटर से पता करने पर मालूम चला कि हनुमान नगर में पानी की पाइप लाइन जब बन जाएगी तब ट्यूबवेल चालू होगा।

### अभियान चलाकर मेजा पुलिस एक अभियुक्त को चार बम के साथ किया गिरफ्तार भेजा जेल

**मेजा।** मेजा पुलिस द्वारा देशी बम के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना प्रभारी मेज राजेश उपाध्याय के कुशल नेतृत्व में उ0नि0 कुलदीप शर्मा की पुलिस टीम द्वारा मुखविर की सूचना पर बुधवार को डोरवा मोड के पास से चार अदद देशी बम के साथ एक अभियुक्त रंजीत पटेल उर्फ भीम पटेल पुत्र मोहन लाल पटेल नि0 रामनगर माता का पुरा थाना मेजा जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार कर लिया गया है जिसे मु0अ0सं0 259/24 धारा 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त का अपराधिक इतिहास की लंबी फेहरिस्त है।




### किसानों को कम लागत में बुवाई के बताए गए सरल उपाय



**करछना।** विकास खंड के ग्राम पंचायत सोनाई में पंचायत सचिवालय में किसानों से संबंधित बैठक की गई जिसमें सभी किसानों को सुलभ खेती करने के लिए बताया गया बड़ी संख्या में ग्राम पंचायत में किसान उपस्थित रहे ग्राम प्रधान मंजू लता श्रीवास्तव की उपस्थिति में सभी किसानों को खेती के सरल उपाय बताए कम लागत में बताया गया गए जिससे कम लागत में ज्यादा पैदावार संजीव कुमार व सुधाकर सिंह कृषि से संबंधित खेती की तैयारी बुवाई जुटा के उपाय बताए हैं जिसमें गांव के सम्राट किसान रामकृष्ण यादव शोभा जाए सवाल मंगला प्रसाद कुशवाहा रामबरन आदि लोग उपस्थित रहे।

# मोदी के नेतृत्व में एनडीए 400 पार होगा : अनुप्रिया पटेल

अखंड भारत संदेश



**कोरांव।** मोदी के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन की सरकार बनेगी और कार्यकताओं के बलबूते अबकी बार चार सौ पार का नारा साकार होगा उक्त बाते अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने विधानसभा कोरांव के जवाइन स्थित चौधरी शिवजोखन सिंह इंटर कॉलेज में भाजपा व अपना दल के कार्यकताओं की संयुक्त जनसभा को वर्चुअल रूप से संबोधित करते हुए कहा। गौर तलब है हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी की वजह से अनुप्रिया पटेल कार्यक्रम स्थल तक नही पहुंच पाई जिस पर उन्होंने वहा मौजूद कार्यकताओं को वर्चुअल रूप से संबोधित किया और इलाहाबाद लोकसभा सीट से नीरज त्रिपाठी के लिए समर्थन की अपील की । संबोधन के दौरान केंद्रीय मंत्री ने नीरज त्रिपाठी के पिता पूर्व राज्यपाल स्व पंडित केशरीनाथ त्रिपाठी से पारिवारिक संबंधों का हवाला देते हुए कहा की पंडित जी का जीवन जिस प्रकार जनता के लिए समर्पित रहा नीरज त्रिपाठी उन्ही की विरासत को आगे बढ़ाएंगे वह न सिर्फ पंडित केशरी नाथ त्रिपाठी की विरासत को आगे बढ़ाएंगे बल्कि प्रयागराज के गौरवशाली विरासत को भी आगे बढ़ाएंगे। वही भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी ने जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि जनता के साथ एनडीए कार्यकताओं के लिए वह हमेशा तत्पर मिलेंगे। जनसभा को नागेंद्र सिंह पटेल राष्ट्रीय महासचिव अपना दल एस,विधायक बारा वाचस्पति,राम जी सिंह पटेल राष्ट्रीय मंत्री लाल शास्त्री, नगर पंचायत अध्यक्ष ओम प्रकाश केशरी विधानसभा संयोजक राकेश पांडेय,लोकसभा प्रभारी मनोज जायसवाल समेत भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने संबोधित कर आगामी 25 मई को नीरज त्रिपाठी के पक्ष में मतदान की अपील की। इसके उपरांत नीरज त्रिपाठी तहसील मुख्यालय कोरांव में अधिवक्ताओं से जनसंपर्क कर उनका समर्थन प्राप्त किया। इस दौरान उनके साथ मुकेश पाण्डेय, सुमित पांडेय, अधिवक्ता हेमावती सिंह पटेल,पूर्व कोषाध्यक्ष राजू दुबे, सुनील पांडेय, अनूप मिश्र, बृजेश तिवारी, समेत सैकड़ों की संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

## ललितेश पति त्रिपाठी के समर्थन में कांग्रेसियों ने जंघई में किया जनसंपर्क



**जंघई।** भाजपा परिवारवाद जातिवाद की परिभाषा अपने ढंग से बनाकर जनता को भ्रम में डालकर अपना उल्लू सीधा करने का प्रयास कर रही है। क्योंकि उसे अपने 10 वर्षों के कामों के विषय में बताने को कुछ नहीं है। यह बातें भदोही संसदीय क्षेत्र के प्रतापपुर विधान सभा में सपा कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी ललितेश त्रिपाठी के समर्थन में दर्जनों गांव में भ्रमण करने के बाद वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉक्टर साधू चरण तिवारी ने कहा। लोगों को समझाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जातिवाद का विरोध करते हैं स्वयं को पिछड़े वर्ग का महान नेता बताते हैं उनके दोहरे चरित्र का प्रमाण है।एक प्रधानमंत्री को बार-बार अपनी जाति बताकर वोट मांगना कितना शर्मनाक एवं ओक्षापन है। झूठ को सच बताना और सच को झूठ बताना विरोधी नेताओं के बयान को तोड़-मरोड़ कर बताना और उनकी खिल्ली उड़ाना प्रधानमंत्री की गरिमा पर प्रश्न चिह्न लगता है। उन्होंने लोगों से अपील किया कि भाजपा के बहकावे में ना आवे गठबंधन के प्रत्याशी को वोट देकर जिताये। जंघई में जनसंपर्क के दौरान राजेश पति त्रिपाठी, मुन्ना उपाध्याय, परमेंद्र बहादुर सिंह, शिवराम दुबे, शीतला प्रसाद पाठक, मिलन दुबे, मुन्ना पांडेय, मुन्ना सिंह, अशोक पांडेय रमाशंकर पांडेय, लाडले उपाध्याय, अंकुर पांडेय, सुभाष यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# न्यू एंजिल्स सी0 से0 स्कूल में सम्पन्न हुई कामन यूनिवर्सिटी एट्रेंट टेस्ट परीक्षा

## जिले के सात केन्द्रों पर शुरु हुई चार दिवसीय परीक्षा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सी.यू.ई.टी. कामन यूनिवर्सिटी एन्ट्रेन्स टेस्ट 2024 की चार दिवसीय परीक्षा गुरुवार से जिले में सात केन्द्रों संगम इण्टर नेशनल स्कूल, संस्कार ग्लोबल स्कूल, आत्रेय एकेडमी, डालफिन स्कूल, बी एस एस अकेडमी, सेंट जेवियर्स चिलबिला और न्यू एन्जिल्स सी से स्कूल आयोजित की गई। न्यू एन्जिल्स सीनियर सेकेण्ड्री से स्कूल में कई शिफ्ट्स में परीक्षा हुई।

स्कूल की चेयरपर्सन डा0 शाहिदा ने बताया कि प्रथम शिफ्ट में कैमिस्ट्री की परीक्षा 10 बजे से 11 बजे तक चली जिसमें 504 छात्र छात्राओं को आवंटित किया गया था। इन छात्र छात्राओं की बायोमेट्रिक और फ्रिसिं्कग(जांच) का कार्य 8 बजे से ही आरम्भ किया गया। कुल 443 छात्र छात्राएं उपस्थित रहे, 61 अनुपस्थित रहे। दूसरी शिफ्ट में बायोलाजी की परीक्षा 12.15 बजे से एक बजे तक चली, जिसमें 305 छात्र छात्राएं आवंटित किये गये ने 277 ने उपस्थित होकर परीक्षा दी जबकि 28 छात्र छात्राएं अनुपस्थित रहे। तृतीय शिफ्ट की अंग्रेजी विषय की परीक्षा 3 बजे से 3.45 तक चली जिसमें 504 छात्र छात्राएं आवंटित किये गये थे परन्तु कुल उपस्थिति 431रही 73 छात्र छात्राएं अनुपस्थित रहे और अंतिम शिफ्ट की जनरल टेस्ट की परीक्षा 5 बजे से 6 बजे तक चली जिसमें कुल 504 छात्र छात्राएं आवंटित किये गये थे उपस्थिति 437 रही और अनुपस्थिति 67 रही। इस दौरान बीच में ब्रेक होते रहे। स्कूल के प्रधानाचार्य डा वी0के0 सोनी ने बताया कि बायोमेट्रिक वालों का काम सराहनीय रहा। इन्होंने हर शिफ्ट के छात्रों की बायोमेट्रिक अटेंडेंस का कार्य समय से पूरा किया। चारों शिफ्ट्स की परीक्षाएं सकुशल शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई। उन्होंने बताय ाकि पहली शिफ्ट में हिन्दी विषय की परीक्षा में कुल 270 छात्र छात्राएं आबंटित थे जिसमें 49 ने परीक्षा छोड़ दी। कुल 221छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। परीक्षा 12.15 बजे से 1.00 बजे तक हुई। दूसरी शिफ्ट में भौतिक विज्ञान की परीक्षा 3 बजे से 4 बजे तक हुई जिसमें कुल 504 छात्र छात्राएं आबंटित किये गये थे 434 छात्र छात्राएं उपस्थित रहे और 70 अनुपस्थित रहे। अंतिम शिफ्ट में गणित की परीक्षा 5.15 सायं से 6.15 सायं तक शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई।

# चुनाव के बाद बिखर जाएगा इण्डिया गठबंधनः मोदी

## लखनऊ व दिल्ली के शहजादे खटाखट भागेंगे, राजकीय इंटर कालेज में प्रधानमंत्री ने की जनसभा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज शहर के राजकीय इंटर कालेज में आयोजित बड़ी भीड़ को देखकर कहा कि आप सबका समर्थन ही मुझे तीसरी बार फिर से सरकार बनाने का मौका दे रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव खत्म होने वाले हैं, परिणाम आते ही इण्डिया गठबंधन टूट जाएगा और लखनऊ व दिल्ली के शहजादे खटाखट विदेश भाग जाएंगे, केवल हम और आप सभी बचेंगे, जो देश को आगे ले जाने में अपना योगदान देंगे।



जनसभा को सम्बोधित करते पीएम मोदी।



जनसभा में उमड़ी भीड़।

अपने सम्बोधन की शुरुआत में मां बेल्हा देवी एवं घुइसरनाथ धाम की धरती को प्रणाम करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार में यहां के आटो ट्रैक्टर्स लिमिटेड को बेंच दिया था। जब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बने तो एटीएल को फिर वापस लिया गया है। उन्होंने फिर दोहराया कि न सौ पढ़ा न एक प्रतापगढ़ा। मोदी ने आज की सभा में राहुल गांधी के खटाखट का खूब मजाक उड़ाया। उन्हें गरीबों के प्रति किये कार्य दिखाई नहीं देते, वह प्रायः सेना के सैनिकों के शौर्य पर सवाल उठाते हैं और कभी धारा-370 को वापस लेने की बात करते हैं। संविधान की परवाह किये बिना आरक्षण की पैरवी करना उन्हें असंवैधानिक नहीं लगता और वह संविधान खत्म करने का झूठा प्रचार करते हैं। उन्होंने कहा कि आजादी के समय देश की अर्थव्यवस्था छठें स्थान पर थी। कांग्रेस शासन में 11 स्थान पर पहुंच गई थी। पिछले दस वर्षों में देश को पांचवें स्थान पर ले आया गया और तीसरे कार्यकाल में हम इसे तीसरे स्थान पर लाएंगे।

इस अवसर पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सपा की साइकिल पहले पंचर हो गई थी। इस चुनाव के बाद उसे अस्थि पंजर पैक करके सैफई भेज दिया जाएगा। केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि दृढ़ इच्छा शक्ति के बदौलत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की प्रतिष्ठा दुनिया में बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि आज 25 लाख लोग गरीबी रेखा से ऊपर आ गए हैं। कार्यक्रम में सांसद संगम लाल गुप्ता, पूर्व मंत्री शिवाकांत ओझा, राजेन्द्र प्रताप सिंह मोती सिंह, बृजेश शर्मा, महेन्द्र सिंह, शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी, विधायक राजेन्द्र मौर्य व जीतलाल पटेल, पूर्व विधायक धीरज ओझा, अपना दल के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार पाल, राज्यसभा सदस्य अमरपाल मौर्य, प्रदेश सरकार के मंत्री अनिल राजभर, भाजपा के जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, भाजपा के मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र, सुरेश राणा, रुचि केसरवानी, सारिका श्रीवास्तव आदि रहे। सभा का संचालन पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह ने किया।

### भीषण गर्मी में पानी के लिये तरसे लोग

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रधानमंत्री की यह पहली सभा थी जिसमें व्यवस्थापकों ने भीषण गर्मी के मौसम में पीने के पानी की व्यवस्था नहीं की थी। मीडिया सेल के लोग अपना पानी लेकर गये थे तो उन्हें पुलिस ने रखवा लिया और कहा कि पानी लेकर जाने की इजाजत नहीं है। लोगों को आशा थी कि वहां पानी मिलेगा, लेकिन मीडिया सेल में भी पानी की व्यवस्था नहीं थी। पण्डाल इतना बड़ा था कि किनारे लगे पंखे बीच वालों को लग ही नहीं रहे थे। गर्मी में लोग तड़प उठे। ज्यादातर लोग व्यवस्था करने वालों पर उंगली उठा रहे थे।

# विकास के जुमलों से जनता नहीं होगी गुमराह : प्रथमेश

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ लोकसभा क्षेत्र के बसपा उम्मीदवार प्रथमेश मिश्र सेनानी ने गुरुवार को मानधाता व पट्टी क्षेत्र में घर-घर जाकर लोगों से मिले। उन्होंने कहा कि विकास के नाम पर लुभावने वादों से प्रतापगढ़ के लोग आजिज आ गए हैं। वह जुमलों की बारिश को देखते आ रहे हैं। अब वह गुमराह नहीं होने वाले। प्रथमेश ने कहा कि गांवों में सड़कें नहीं हैं, पानी नहीं है। जानवर खेत चर जा रहे हैं। इसकी बात न तो यहां के भाजपा उम्मीदवार करते हैं न उनकी सरकार। जनता के टैक्स से राशन देकर भाजपा वाले समझते हैं कि सबका पेट भर रहे हैं। यह सर्वसमाज के सम्मान को ठोकर के बराबर है। यही वजह है कि जनता ने बसपा को सफल बनाने का मन बना लिया है। इसका असर दिखेगा। प्रथमेश के साथ उनकी पत्नी प्रीती मिश्रा ने भी लोगों का आशीर्वाद अपने पति के लिए मांगा। इस दौरान बसपा नेता फूलचंद्र मिश्र समेत लोग साथ रहे।



लोगो से मिलते बसपा प्रत्याशी प्रथमेश।

# मोदी सरकार के कार्यकाल में जनता को हाथ लगी सिर्फ निराशाः डॉ. एसपी सिंह पटेल

### जनसम्पर्क कर इण्डिया गठबंधन प्रत्याशी ने मांगा समर्थन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** लोकसभा चुनाव को लेकर इण्डिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी डॉ. एसपी सिंह पटेल ने बृहस्पतिवार को व्यापक जनसंपर्क अभियान में अपने पक्ष में समर्थन जुटाने की सार्थक पहल में नजर आये। जिले में जनसंपर्क अभियान तथा बैठकों व लोगों से सामूहिक मुलाकात को लेकर जोश में दिखे सपा प्रत्याशी डॉ. एसपी सिंह पटेल ने कहा कि देश की जनता को मोदी सरकार के कार्यकाल में सिर्फ निराशा और नकारात्मकता मिली है। उन्होनें कहा कि महंगाई, बेरोजगारी से हर वर्ग की पीड़ा अब किसी से छुपी नहीं है। डॉ. एसपी सिंह पटेल ने भाजपा की घेराबंदी करते हुए कहा कि केंद्र एवं राज्य की भाजपा सरकारों ने जनहित को लेकर अपना कोई वायदा पूरा नहीं किया। उन्होनें कहा कि भाजपा नेताओं के पास चुनाव के समय सिर्फ जुमला और झूठ के अलावा कोई भी मुददा जनता के बीच नहीं रह गया है।



बैठक में बोलते इण्डिया गठबंधन प्रत्याशी डा0 एसपी सिंह पटेल।

इंडिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी एसपी सिंह पटेल ने जनसंपर्क अभियान में गठबंधन के कार्यकर्ताओं के साथ संसदीय क्षेत्र प्रतापगढ़ के विधानसभा रानीगंज क्षेत्र के नरसिंहगढ़ दसिया मानपुर, देल्हुपुर, खरवई, मल्हुपुर, दिकैनी पटेल बस्ती, दिवैनी बिन्द बस्ती, छालामई, नौवापुर, कोट का पुरवा संसारपुर आदि जगहों में लोगों से मिलकर अपने पक्ष में जनसमर्थन मजबूत करने पर जोर दिया। इस दौरान उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि वह क्षेत्र की जनता के मान-सम्मान के लिए सदैव तत्पर रहेगें। जनसम्पर्क के दौरान जय सिंह यादव पूर्व विधायक, डॉ0 शेर बहादुर यादव जिला उपाध्यक्ष समाजवादी पार्टी, विधानसभा अध्यक्ष शेरबहादुर यादव, संतोष यादव (पूर्व जिला पंचायत सदस्य गौरा व राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव मजदूर सभा), डॉ. अयाज़ अहमद (बी डी सी), इमरान प्रधान, सुरेश यादव, डॉ. अनिल यादव (सेक्टर प्रभारी), कलीम, होरीलाल, नीरज पटेल (सेक्टर प्रभारी), शेर अली, मुन्ना यादव, जावेद प्रधान, अफसर आलम, अभिषेक सरोज, रामराज पटेल, हरीश पाल, रमेश पटेल प्रधान, सूरत सिंह पटेल (पूर्व प्रधान), जवाहरलाल सरोज, राजेंद्र प्रसाद (सेक्टर प्रभारी), शिव शंकर (बूथ अध्यक्ष), लवलेश कुमार यादव, सुनील कुमार, मंजू पटेल, शीलम विश्वकर्मा, हेमराज विश्वकर्मा, राहुल गौतम, निसार अहमद, आलोक यादव (सेक्टर प्रभारी), धीरेन्द्र यादव, अब्दुल मजीद आदि लोग मौजूद रहे। इसी क्रम में गठबंधन के सपा प्रत्याशी डॉ. एसपी सिंह पटेल के समर्थन में पूर्व एमएलसी कान्ति सिंह पटेल ने भी चिलबिला, प्रतापगढ़ स्थित कार्यालय पर लोगों से जनसंपर्क कर गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. एसपी सिंह पटेल के समर्थन में लोगों से सहयोग की अपील की। इसी क्रम में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के निर्वाचन अभिकर्ता सुशील कुमार ने विधानसभा प्रतापगढ़ में गठबंधन के कार्यकर्ताओं संग जनसंपर्क अभियान में शामिल होकर गठबंधन के सपा प्रत्याशी डॉ. एसपी सिंह पटेल के पक्ष में समर्थन मांगा।

# बाइक की टक्कर से इकलौते बेटे की दर्दनाक मौत

## घर में मचा कोहराम, पुलिस ने शव को कब्जे में लिया

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** घर के समीप सड़क के किनारे लघुशंका का कर रहे किशोर को बाइक सवारने जोरदार टक्कर मार दी जिसे इलाज के लिए जौनपुर ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे अमृत घोषित कर दिया। परिजन शव को लेकर घर आए। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मेडिकल कॉलेज भेज दिया। बुधवार की रात करीब 11 बजे उसरौली गांव के निवासी मेवालाल हरिजन का पुत्र शिवा उर्फ शिवम उम्र महज (15) वर्ष के घर के समीप लघु शंका करने उठा था। इतने मे तेज रफ्तार से आ रही बाइक ने टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके से परिजन और स्थानीय लोगों ने गंभीर रूप से घायल शिवम को निजी वाहन से लेकर पड़ोसी जनपद जौनपुर के निजी अस्पताल में इलाज के लिए ले गए। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। मेवा लाल के एक बेटा शिवम और बेटी रोली 18 वर्ष है। इकलौते बेटे की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। शव जब गांव लाया गया तो गांव में लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। लोग विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिए। सूचना मिलते ही बधवा चैकी इंचार्ज अजीत सिंह मौके पर पहुंचे। परिजनों को समझा बूझकर किसी तरह शांत कराया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मेडिकल कॉलेज भेज दिया। घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# निमंत्रण आये वृद्ध की करंट से हुई मौत, कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** निमंत्रण में आये वृद्ध की करंट की चपेट में आने से मौत हो गयी। उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे कल्यान मुस्तफाबाद गांव निवासी रामसुख पटेल उर्फ सुखई के यहां बुधवार को धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन में भीड़ जुटी थी। इसमें रायबरेली जनपद के मछमरवा परशदेपुर निवासी रामभरोस वर्मा 60 भी आये थे। रामभरोस शाम लगभग साढ़े छः बजे समीप के खेत के पास लघुशंका करने गये थे। यहां खेत में लगे झटका करंट की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्हें इलाज के लिए परशदेपुर अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव को पीएम के लिए भेजवाया। इधर मौत की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। एसओ राधेबाबू का कहना है कि शव को पीएम के लिए भेजा गया है, तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# मुंबई के होर्डिंग हादसे में पट्टी के युवक की मौत

### युवक का शव पहुंचा घर परिजनों में मचा कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** सोमवार को मुंबई में आंधी के कोहराम में पट्टी के एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। सोमवार को मुंबई में आंधी तूफान ने जबरदस्त कोहराम मचाया। आंधी की चपेट में आने से घाटकोपर इलाके में एक विशालकाय होर्डिंग पेट्रोल पंप पर गिर गया था। जिसमें कई लोग घायल हुए और कई की मौत हो गई।



युवक की मौत पर रोते-बिखलते परिजन।

उसी पेट्रोल पंप पर पट्टी के हटवा गांव का सचिन यादव (24) पुत्र राकेश यादव काम करता था। होर्डिंग गिरने के समय वह ड्यूटी पर ही था। वह भी होर्डिंग की चपेट में आ गया। राहत और बचाव के दौरान कई लोगों को निकाला गया। लेकिन सचिन का रात भर पता नही चल सका। मंगलवार सुबह कई क्रेन लगाए गए। तब विशालकाय होर्डिंग हटाया जा सका। उसी के नीचे सचिन दबा था। तब तक उसकी सांसे चल रही थी। आनन फानन में बचावकर्मी अस्पताल लेकर भागे। लेकिन रास्ते में ही सचिन ने दम तोड दिया। यह खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सचिन के माता पिता तुरंत मुंबई के लिए रवाना हो गए। लेकिन मुंबई में मौजूद रिश्तेदारों ने उन्हें रास्ते से लौटा दिया। वहां मौजूद परिवार के लोग व रिश्तेदार शव लेकर बुधवार को गांव पहुंचे। देर शाम परिजन को पाप घाट पर अंतिम संस्कार के लिए शव लेकर रवाना हो गए। सचिन की दो वर्ष पूर्व शादी हुई थी। उसे पांच माह पूर्व एक बेटा हुआ है। सचिन शादी में शामिल होने मार्च में घर आया था। पिछले महीने ही वह मुंबई गया था। तीन भाइयों में वह सबसे बड़ा था। उससे बड़ी बहन की शादी हो चुकी है। सभी का रो रोकर बुरा हाल हो रहा है। पांच माह के बच्चे के साथ पत्नी को देख वहां मौजूद सभी की आंखें छलक गईं।

# छेड़खानी का विरोध करने पर मां बेटी को पीटा, शिकायत

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बेटी के साथ एक युवक द्वारा छेड़खानी कर रहा था, जिसका विरोध करने पर युवक ने मां बेटी को मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। हल्ला गुहार होने पर आस-पास पड़ोस के लोगों के आ जाने से पीड़ितों की जान बची। कोतवाली इलाके के बेसार गांव की रहने वाली एक महिला ने प्रार्थना पत्र देकर आरोपी किया है कि बुधवार की देर रात्रि उसकी बेटी के साथ एक युवक अश्लील हरकत करने लगा। जिसका विरोध करने पर युवक ने मां को लाठी डंडों से पीटने लगा। बीच बचाव कर रही बेटी को भी लाठी डंडों से मार-पीट कर लहू लुहान कर दिया। पीड़िता ने इसकी सूचना डायल 112 को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने के बाद चली गई। बृहस्पतिवार की सुबह पीड़िता अपनी बेटी के साथ कोतवाली पहुंची मामले में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

# क्षमादान पर घमसान, कहीं सपा को आशीर्वाद तो नही दे रहे राजा भैया!

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** राजा भैया से जुड़ी एक एक गतिविधि मीडिआ की सुर्खियों मे आ जाती है, वो चाहे किसी को दिया समर्थन हो या विरोध या क्षमदान हो। 2019 के लोकसभा चुनाव मे सपा प्रत्याशी रहे इंद्रजीत सरोज की बदजुबानी पर उनके खिलाफ दर्ज हुए मानहानि के मुकदमे मे राजा भैया द्वारा दिया गया क्षमादान एक बार सुर्खियाँ बन गया है।

ताजा मामले मे लोगों द्वारा मनगढंत बाते चर्चा बन गयी है जबकि मामला सिर्फ उन्हे माफ़ कर देने भर का है। पिछले लोकसभा चुनाव मे सपा नेता ने राजा भैया पर व्यक्तिगत टीका टिप्पणी किया तो उनके कानूनी सलाहकार हनुमान पांडे ने सपा नेता के खिलाफ परिवाद दाखिल कर दिया जो अभी तक विचाराधीन था और न्यायालय उसकी सुनवाई कर रहा था। इसी बीच 2024 के लोकसभा चुनाव मे इंद्रजीत सरोज के बेटे को समाजबादी पार्टी ने कौशाम्बी से अपना उम्मीदवार बनाया। इंद्रजीत सरोज के पुत्र पुष्पेंद्र सरोज प्रत्याशी बनने के बाद अभी तीन दिन पहले राजा भैया से उनका आशीर्वाद लेने उनके बेंती महल पहुचे और राजा भैया के साथ मीटिंग किया। जैसा की सभी जानते है कि भाषा की मर्यादा और मंच की गरिमा के लिए जगप्रसिद्ध राजा भईया अपने यहाँ आने वाले हर आम और खास से न सिर्फ दिल खोलकर मिलते बल्कि उनकी हर संभव मदद भी करते हैं। सपा प्रत्याशी की मुलाक़ात के अगले दिन राजा भैया ने जनसत्ता दल के कार्यकर्ताओं के साथ समर्थन के मुद्दे पर एक मीटिंग भी किये थे। जहां उन्होंने अपने समर्थकों को इस चुनाव मे फ्री हैण्ड करते हुए अपने विवेक से अपनी पसंद के प्रत्याशी को वोट देने की बात कही, मुलाक़ात दौरान सपा प्रत्याशी ने अपने पिता के पूर्व व्यवहारों पर क्षमा याचना किया कि पिता के उन बातों पर हम आपसे माफ़ी चाहते है।

# श्रीकृष्ण जन्मोत्सव में लगे जयकारे, महिलाओं ने गाये मंगलगीत

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पूरे मकन इटौरी में चल रही श्रीमदभागवत कथा में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुन श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो उठे दिखे। कथाव्यास आचार्य सर्वेशपति तिवारी ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कथा प्रसंग में कहा कि जब जब पृथ्वी पर अत्याचार व दुराचार आदि बढ़ता है तो उसे समाप्त कर धर्म की स्थापना के लिए भगवान का अवतार होता है। आचार्य ने कहा कि मनुष्य भगवान की भक्ति से मोक्ष को प्राप्त करता है। भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की कथा सुन पाण्डाल में मौजूद श्रद्धालु जयकारे लगाने लगे। भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप की आकर्षक झांकी निकाली गयी। महिलाओं ने मंगल गीत गाये। नंद के आनन्द भयो जय कन्हैया लाल की जैसे भजनों से पाण्डाल और भक्तिमय हो उठा दिखा। मुख्य आयोजक पारसनाथ तिवारी ने स्वागत व कुसुम ने आभार जताया। इस मौके पर कल्पनाथ तिवारी, ज्ञानप्रकाश मिश्र, संतोष मिश्र, दिनेश तिवारी, संदीप तिवारी, संजय, अवनीश, रजनीश तिवारी आदि मौजूद रहे।



पूरे मकन इटौरी में श्रीमदभागवत कथा कहते सर्वेशपति महराज।

# एक मंच से योगी दूसरे मंच से अखिलेश ने एक दूसरे पर जमकर किया शब्द बाणों का प्रहार

## जिले में एक साथ दो बड़े नेताओं के कार्यक्रम को लेकर पुलिस प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की थी और चप्पे चप्पे पर भारी संख्या में पुलिस के जवान मौजूद रहे, दोनों नेताओं ने अपने पार्टी का किया गुणगान और पार्टी प्रत्याशी को जिताने की दोनों नेताओं ने जनता से की अपील

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** लोकसभा चुनाव में अपने-अपने प्रत्याशी के समर्थन में कौशांबी की धरती में दो बड़े नेताओं ने सभा को संबोधित किया है और जमकर एक दूसरे पार्टी पर प्रहार किया है उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद मुख्यालय मंझनपुर में कार्यक्रम को संबोधित किया तो समाजवादी पार्टी के मुखिया पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मुख्यालय से 6 किलोमीटर दूर नियामतपुर गांव में सपा प्रत्याशी के समर्थन में कार्यक्रम को संबोधित किया संबोधन के दौरान योगी और अखिलेश ने एक दूसरे पर जमकर शब्द बाणों का प्रहार किया।

उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश को माफियाओं से मुक्त कर दिया सरकार की योजनाएं और सरकार द्वारा आम जनता को दिए जा रहे राशन की चर्चा कर भाजपा प्रत्याशी को मतदान करने की अपील की है वहीं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार के शासन पर जमकर कुठाराघात किया है और उनकी तमाम योजनाओं की आलोचना करते हुए कहा कि अग्नि वीर भर्ती देश के नौजवान को बर्बाद कर रही है भाजपा सरकार में रोजगार के लिए नवयुवक परेशान है लेकिन उन्हें नौकरी और रोजगार भाजपा सरकार नहीं दे सकी अखिलेश यादव ने आलोचना करते हुए भाजपा सरकार को कटघरे में खड़ा कर दिया है और कहा कि आने वाले दिनों में भाजपा सरकार पुलिस की भर्ती 3 वर्ष की कर देगी उन्होंने भाजपा सरकार पर जमकर कुठाराघात किया है दोनों नेताओं के कार्यक्रम में पार्टी के प्रत्याशी समेत तमाम स्थानीय नेता कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रहे कार्यक्रम की शुरूआत पर पार्टी कार्यकताओं ने दोनों नेताओं को माला पहनकर उनका स्वागत किया है और पार्टी जिंदाबाद का नारा लगाया है एक साथ जिले में दो बड़े नेताओं के कार्यक्रम को लेकर पुलिस प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की थी और चप्पे चप्पे पर भारी संख्या में पुलिस के जवान मौजूद रहे।





### मंच से संजय गुप्ता का नाम लेकर राजनीति साधने का योगी ने किया प्रयास

**कौशांबी।** लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में मंझनपुर मुख्यालय में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व विधायक संजय गुप्ता का सम्मान पूर्वक नाम लेकर के राजनीति साधने का प्रयास किया है पार्टी के बीच मचे घमासान के चलते उठा पटक की स्थिति पार्टी कार्यकताओं पदाधिकारियों के बीच है।

### भीड़ बढ़ाने के लिए बाटे गए पेट्रोल के टोकन पर नहीं मिला पेट्रोल

**कौशांबी।** योगी आदित्यनाथ के मंझनपुर कार्यक्रम में भीड़ बढ़ाने के लिए दो पहिया वाहन समेत चार पहिया वाहन चालक को नेताओ की ओर से पेट्रोल का टोकन बांटा गया है इस टोकन के जरिए वाहन चालकों को पेट्रोल पंप में पेट्रोल लेने के लिए प्रेरित किया गया कार्यक्रम स्थल में पहुंचने के लिए कार्यकताओं को टोकन तो मिल गया लेकिन वाहन चालकों को पेट्रोल नहीं मिला जिससे खासा आक्रोश देखने को मिला है रघवापुर के एक पेट्रोल पंप में जब तमाम वाहन चालक पहुंचे तो मालूम चला कि पेट्रोल के टोकन का हिसाब एक पूर्व विधायक ने कर दिया है पेट्रोल पंप में मौजूद कर्मचारियों ने वाहन चालकों से कहा कि अब टोकन पर पेट्रोल नहीं मिलेगा नगद रुपए देकर के पेट्रोल ले लो जिससे कार्यकताओं में खासा आक्रोश देखने को मिला है और तमाम लोग बिना पेट्रोल लिए वापस लौट गए हैं।

### अखिलेश यादव ने भीड़ से पूछा खटारा इंजन को हटाओगे कि नहीं

**कौशाम्बी।** जिले के नियामतपुर में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि यह जो डबल इंजन कहते हैं डबल इंजन वाले के इनके बड़े-बड़े होर्डिंग बोर्ड देखा है जिस दिन वोट पड़ेगा इनका इंजन वापस चला जाएगा डबल इंजन की सरकार वाले लोग कहते हैं कि यह डबल इंजन की सरकार है एक खटारा इंजन और है उसके वीडियो बहुत वायरल हो रहे हैं अखिलेश यादव ने पूछा कि वह खटारा इंजन यही का है क्या भीड़ ने जवाब दिया हां सुना है यह खटारा इंजन जमीन लूट सब कुछ कर रहा है भीड़ से अखिलेश यादव ने पूछा कि इस खटारा इंजन को हटाओगे कि नहीं हटाओगे भीड़ ने जवाब दिया हाँ हाँ हाँ

### अखिलेश यादव की सभा में उमड़ा जन समुदाय तय करेगा दिशा

**कौशाम्बी।** जिले की धरती पर दो बड़े नेताओं का एक साथ कार्यक्रम लोकसभा प्रत्याशी की दिशा तय करेगा योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम में उपस्थित 12000 की भीड़ की तुलना में अखिलेश यादव के कार्यक्रम में 30000 की भीड़ पहुंचना लोकसभा चुनाव की दिशा तय करेगा समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता कैलाश केसरवानी पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि कार्यक्रम स्थान पर पहुंची अपार भीड़ ने अखिलेश यादव और समाजवादी पार्टी प्रत्याशी पर आस्था जताई है एक साथ दो नेताओं के कार्यक्रम में उपस्थित भीड़ का आंकड़ा मतदाताओं का रुझान बता रहा है जिसे दोनों प्रत्याशी बखूबी महसूस कर रहे हैं।

### बीजेपी की नाकामी की वजह से एक लाख किसानों ने की आत्महत्या

**कौशांबी।** लोकसभा चुनाव के दौरान कौशांबी के नियामतपुर में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित भीड़ को संबोधित करते हुए प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि दिल्ली वाले और लखनऊ वाले आ रहे होंगे और किसानों के लिए ना जाने क्या-क्या बता रहे होंगे लेकिन हमारा किसान जानता है कि भाजपा के दिल्ली के पिछले 10 साल के सरकार के कार्यकाल में जगह-जगह जहां बीजेपी की सरकार है उसकी नाकामी की वजह से एक लाख किसानों ने आत्महत्या की है अपनी गरीबी के कारण कर्ज बोझ के कारण परेशानी के कारण एक लाख किसानों ने आत्महत्या कर ली है लेकिन यह सरकार मदद नहीं कर रही है

### बीजेपी वाले बताएं कि जो वैक्सीन लग गई है वो हमारे शरीर से कैसे वापस होगी

**कौशांबी।** लोकसभा चुनाव के दौरान नियामतपुर में उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने उपस्थित जनसमुदाय से पूछा कि बताओ इन्होंने वैक्सीन लगवा के जान को खतरा पैदा कर दिया कि नहीं कर दिया। अब तो जान गए होंगे आप वैक्सीन जिन जिन को लगी है। उनको गम्भीर बीमारी होगी जल्दी हार्ट अटैक भी हो सकता है। हमें आपको तो लगाई ही वैक्सीन ये हमारे खाकी वर्दी पहनने वाले भाईयो को जबरदस्ती लगाई गई वैक्सीन और अब वैक्सीन लगाने वाली कंपनी कह रही कि हम वापस ले लेंगे वैक्सीन बताओ ये वैक्सीन वाली कम्पनी कह रही है की नही कह रही की हम वैक्सीन वापस ले लेंगे।अब ये बीजेपी वाले बताएं की जो वैक्सीन लग गई है वो हमारे शरीर से कैसे वापस होगी।

# राजा के दरबार में टूटा कौशाम्बी सांसद का गुरूर

## कुंडा के राजा कहां किसी का दबाव मानने वाले हैं और सांसद के बड़ बोलेपन के बाद राजा का पारा गरम हो गया

अखंड भारत संदेश



**कौशांबी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सांसद विनोद सोनकर का गुरुर कुंडा के राजा के दरबार में टूट गया है राजा के दरबार में पहुंचे सांसद के बड़बोले पन पर राजा ने सांसद की जमकर क्लास लगाई उन्हें खरी खोटी सुनाई राजा के दरबार से मुंह लटकाए सांसद विनोद सोनकर वापस लौट कर चले आए हैं रोने जैसी शक्ल बनाए सांसद विनोद सोनकर ने राजा के दरबार में हुई घटनाक्रम का जिक्र भी करना उचित नहीं समझा है हालांकि राजा के दरबार में हुई घटना का जिक्र जन जन की जुबान तक पहुंच गया है तीसरी बार सांसद बनने के घमंड में सांसद विनोद सोनकर लोगों की जात सम्मान पर टिप्पणी करके अपमानित कर रहे थे यह बात कुंडा के राजा रघुराज प्रताप सिंह तक पहुंच गयी भाजपा को समर्थन करने के लिए कुंडा के राजा रघुराज प्रताप सिंह पर दबाव डाला जा रहा था यह बात उन्हें ठीक नहीं लगी सांसद विनोद सोनकर कुंडा के राजा को भाजपा को समर्थन करने के लिए तमाम तरह की बात कह कर बार-बार दबाव डाल रहे थे राजा पर सांसद द्वारा बार बार दबाव डाला जा रहा था कि वह भाजपा का समर्थन करें लेकिन कुंडा के राजा कहां किसी का दबाव मानने वाले हैं और सांसद के बड़ बोलेपन के बाद राजा का पारा गरम हो गया और राजा ने सांसद विनोद सोनकर को जमकर खरी खोटी सुनाई जहां सांसद बार-बार यह कहते फिर रहे थे कि तीसरी बार उन्हें सांसद बनने से कोई नहीं रोक सकता वही राजा के दरबार से लौटने के बाद सांसद का चेहरा उनकी स्थिति को बताने के लिए पर्याप्त है सोशल मीडिया में फोटो और वीडियो वायरल हो रहा है यह फोटो वीडियो बहुत कुछ कह रहा है राजा के दरबार में सांसद का गुरुर टूट गया है।

### चालक युक्त वाहन उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य

**कौशाम्बी।** लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 का मतदान दिनांक--20.05.2024 को कौशाम्बी जनपद में होना है। मतदान हेतु आवश्यक वाहनों के सापेक्ष प्रेषित किये गये अधिग्रहण आदेश, जो वाहन स्वामियों पर तामील कराये गये हैं, वह नियत समय व तिथि में यथास्थान वाहन स्वामियों द्वारा चालक युक्त वाहन उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य है। प्रशासन इसके लिए वाहन स्वामियों को भुगतान भी करेगा। अधिग्रहण आदेश प्राप्त करने के उपरान्त भी समय से निर्वाचन कार्य में चालक युक्त वाहन उपलब्ध न कराने पर वाहन स्वामियों के विरुद्ध एफ०आई०आर० दर्ज कराते हुए वाहनों के पंजीयन निलम्बन की कार्यवाही की जायेगी। उक्त वाहन ओसा मण्डी, मझनपुर जनपद कौशाम्बी में उपलब्ध कराये जायेंगे।उक्त जानकारी तारकेश्वर मल्ल सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन प्रवर्तन कौशाम्बी द्वारा दी गई है

### 15 मई से महामाया राजकीय महाविद्यालय में वितरित हो रहा प्रवेश फार्म

**कौशांबी।** सत्र 2024 - 25 हेतु महाविद्यालय में संचालित संस्थागत कोर्स बी०ए०, बी०एस-सी०. बी०काम प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु दिनांक 15.05.2024 से प्रवेश फार्म वितरित किया जा रहा है। इच्छुक इण्टरमीडिएट अथवा समकक्ष उत्तीर्ण छात्र - छात्रायें महाविद्यालय कार्यालय से प्रातः 11:00 बजे से सायं 03:00 बजे तक प्रवेश फार्म प्राप्त कर महाविद्यालय में उक्त कक्षाओं में प्रवेश ले सकते हैं। उक्त आशय की जानकारी महामाया राजकीय महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा दी गई है।

### दूसरे के पेड़ को काट कर उठा ले गए लकड़ी माफिया

**कौशांबी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के कुल्लू पुत्र मुन्नीलाल शुक्ला के आराजी संख्या 950 में यूकेलिप्टस के खड़े 5 हरे पेड़ को गांव के दबंग ने लकड़ी माफिया के हाथ बेच दिया और आधी रात को लकड़ी माफिया पेड़ को काट करके उसकी लकड़ी उठा ले गए हैं कुल्लू को इस बात की जानकारी भी नहीं हुई उसको बिना बताए उसका पेड़ बेच दिया गया है बताया जाता है कि पेड़ की कीमत लगभग 60 हजार रुपए है पेड़ बेचने के मामले की जानकारी जब सुबह कुल्लू को हुई तो उसने लकड़ी बेचने वाले दबंग से उलाहना दिया जिस पर उसे धमकी दी गई है मामले की सूचना कुल्लू ने पुलिस अधीक्षक को दे कर लकड़ी माफिया और पेड़ बेचने वाले दबंग पर कार्यवाही की मांग की है।

## न्यूज झरोखा

### मारुती कंपनी की बहुप्रतीक्षित नयी मारुती सुजुकी स्विफ्ट गाड़ी का अनावरण




**अझुवा कौशांबी।** मारुती कंपनी की बहुप्रतीक्षित नयी मारुती सुजुकी स्विफ्ट गाड़ी का ब्राइट फोर व्हील्स जी.टी. रोड कमासिन, सिराथू कौशांबी के 3र सुविधा वाले ( सेल्स , सर्विस , स्पेयर) एरिया शोरूम में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के चीफ मैनेजर अंकित सरीन के द्वारा बृहस्पतिवार को अनावरण किया गया। नयी स्विफ्ट को लेकर ग्राहकों में काफी उत्साह देखने को मिला गाड़ी के नये लुक्स और फीचर्स को लोगों द्वारा काफी सराहा गया , इस अवसर पर कंपनी के अ्रट सेल्स बृजेश पाण्डेय एवं सीनियर रिलेशनशिप मैनेजर शैलेन्द्र प्रताप सिंह एवम नीरज द्वारा गाड़ी के फीचर्स और रख रखाव के बारे में विस्तार से समझाया गया ,इस अवसर पर नयी स्विफ्ट को लेकर ग्राहकों में काफी उत्साह देखने को मिला ।जिसके कारण भारी मात्रा में बुकिंग्स प्राप्त हुईं। और बढ़ती बुकिंग्स को देखकर कंपनी के ॠसेल्स गौरव रैना द्वारा गाड़ी की बिक्री में बढ़ोत्तरी की उम्मीदें जताई हैं। इस मौके पर सनी कुमार अग्रहरि, डॉक्टर दिलीप कुमार, पंकज यादव, विवेक कुमार मौर्य, सतीश कुमार केसरवानी, विकास कुमार सोनी व सोरूम के कर्मचारी आदि लोग मौजूद रहे।

### छात्र-छात्राएं मतदान के लिए अभिभावक को करें प्रेरित



**कौशाम्बी।** लोकसभा चुनाव में मतदान करने के लिए छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा गया कि वह अपने अभिभावक को भी मतदान के लिए प्रेरित करें धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन कनवार कौशाम्बी में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया जहां भारी संख्या में स्कूल के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत आने वाले चुनाव के पर्व पर लोकतंत्र को मजबूत बनाने हेतु छात्र छात्राओं के द्वारा उनके अभिभावकों से मतदान करने हेतु विद्यालय के उपप्रधानाचार्य रामशंकर सिंह द्वारा शपथ दिलायी गयी विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. रामकिरण त्रिपाठी ने मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम के अवसर पर समस्त शिक्षक शिक्षिकाएँ एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### ट्रेन की टक्कर से विक्षिप्त महिला की दर्दनाक मौत



**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली के दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग धुमाई फाटक से पश्चिम ओर 890 /28 डाउन लाइन पर एक विक्षिप्त महिला की दर्दनाक मौत हो गई रेलवे कर्मचारियों की सूचना पर पहुंची अझुवा चौकी पुलिस शिनाख्त में जुट गई कुछ देर बाद महिला की शिनाख्त अनीशा 45 वर्ष पुत्री याकूब निवासी वार्ड नंबर 2 अंबेडकर नगर आदर्श नगर पंचायत अझुवा के रूप में हुई है मौके पर पहुंचे मृतक के परिजनों ने बताया कि महिला काफी अर्से से विक्षिप्त थी दिन रात इधर उधर घूमती रहती थी मौके पर अझुवा चौकी इंचार्ज अपने हमराहियों के साथ पहुंच कर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

# सड़क पर खड़ी शराब ट्रक में पीछे से भिड़ा ट्रेलर चालक गंभीर घायल

अखंड भारत संदेश

**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के रामजी होटल के पास गुरुवार की भोर 5:00 बजे सामने से आ रहे वाहन को बचाने के चक्कर सड़क पर खड़े ट्रक में पीछे से ट्रेलर भिड़ गया है जिससे ट्रेलर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस और एम्बुलेंस को दी गई ट्रेलर में फंसे चालक को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकला गया और उसे इलाज के लिए मूरतगंज के अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां चिकित्सक मौजूद नहीं थे और स्वास्थ्य कर्मियों ने घायल चालक को इलाज के लिए जिला अस्पताल रिफर कर दिया है।

इस हादसे में ट्रक में लदी 3000 पेटी शराब सड़क पर बिखर गई। जानकारी के मुताबिक रोहित श्रीवास्तव की शराब कानपुर से ट्रक में लादकर ट्रक चालक प्रयागराज जा रहा था जैसे ही ट्रक चालक कोखराज थाना क्षेत्र के रामजी होटल के पास शराब लदी ट्रक पहुंची ट्रक चालक ने शराब की ट्रक डामर सड़क पर खड़ी कर दी और होटल में चाय पीने चला गया पीछे से ट्रेलर चालक आ रहा था डामर सड़क पर खड़े शराब ट्रक को उसने ओवरटेक करने की कोशिश की लेकिन सामने से दूसरी ट्रक आ जाने के चलते ट्रेलर चालक शराब ट्रक को ओवरटेक नहीं कर सका और शराब की ट्रक में जोरदार टक्कर के साथ पीछे से भिड़ गया हादसे में ट्रेलर चालक गंभीर घायल हो गया तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और ट्रेलर चालक को ट्रेलर से बाहर निकाला मामले की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर स्थानीय पुलिस और एंबुलेंस भी पहुंच गयी घायल ट्रेलर चालक को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मूरतगंज अस्पताल में भर्ती कराया गया है लेकिन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मूरतगंज में चिकित्सक मौजूद नहीं थे जिससे घायल चालक का इलाज नहीं हो सका और स्वास्थ्य कर्मियों ने घायल चालक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

**विभिन्न होटल के बाहर डामर सड़क पर ट्रक खड़ी करके वाहन चालक होटल में खाना खाते हैं जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मूरतगंज में चिकित्सक के मौजूद ना होने से घायल चालक का इलाज नहीं हो सका**



सड़क पर ट्रक खड़ी करने से हादसे के बाद एक बार फिर कोखराज थाना पुलिस की बड़ी लापरवाही सामने आई है यदि होटल ढाबा के मालिक द्वारा भोजन करने वाले चालक के वाहन को सड़क पर खड़ा करने से रोक देते तो यह गंभीर घटना नहीं होती लेकिन कोखराज थाना क्षेत्र में राम जी होटल जायसवाल होटल स्वागत ढाबा, महाराजा ढाबा,विहारी ढाबा,पंचम ढाबा, जयसवाल ढाबा सहित विभिन्न होटल ढाबा के बाहर डामर सड़क पर ट्रक खड़ी करके वाहन चालक होटल ढाबा में खाना खाते हैं यही हाल सिहोरी टोल प्लाजा के पास स्थित ढाबों का है अन्य थाना क्षेत्र के ढाबों का भी यही हाल है जहां सड़क पर ट्रके खड़ी होती हैं होटल ढाबा संचालकों और ट्रक चालकों की इस बड़ी लापरवाही के चलते जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं जिससे तमाम लोग मौत के मुंह में चले गए हैं और तमाम परिवार बिखर गए हैं लेकिन उसके बाद भी सड़क पर खड़ी होने वाले वाहन चालक पर कार्रवाई नही होती है और ना ही होटल ढाबा मालिक पर थाना पुलिस कार्यवाही करती है इस मामले को यदि पुलिस अधिकारियों ने गंभीरता से लेकर सड़क पर ट्रक खड़ी करने वाले ट्रक चालक और होटल मालिक पर कार्यवाही की तो आने वाले दिनों में अन्य ट्रक चालक पुलिस की कार्रवाई से सबक लेंगे और दुर्घटनाओं पर रोक लगेगी लेकिन सड़क जाम करने वाले ट्रक चालकों और होटल ढाबा मालिकों द्वारा सड़क पर ट्रक खड़ी करने वाले ट्रक चालकों को बढ़ावा देने के मामले में होटल मालिक पर कोखराज पुलिस की लगातार मेहरबानी बनी हुई है जिससे दुर्घटनाएं तेजी से बढ़ रही है सड़क पर वाहन खड़ा करने के बाद दुर्घटना के मामले में होटल मालिक पर कार्यवाही किए जाने की मांग स्थानीय लोगों ने पुलिस अधिकारियों से की है।

## संपादक की कलम से

## भारतीय प्रजातंत्र के खिलाफ एक शोर है वोट जिहाद

जब-जब चुनाव आते हैं कुछ चौंकाने वाले विमर्श छिड़ जाते हैं। खास बात यह है इस मतदान की कि भारतीय जनता पार्टी एक बार फिर अपनी तीसरी पारी खेलने को लेकर आश्वस्त है। विपक्ष इंडी-गठबंधन के साथ एकजुट भी हैं और बिखरे हुए भी। देश में अगर बीजेपी सरकार बनती है तो तीसरी बार ऐसा होगा कि विपक्ष कमजोर होगा क्योंकि इंडी-गठबंधन भले एकजुट हों, लेकिन एनडीए के मुकाबले यह बिखरा हुआ एक गठबंधन है जिसमें खंड-खंड कभी भी बन जाने की क्षमता है।

हमारे देश में जब-जब चुनाव होता है, पडोसी देशों और दुनिया के अनेक देशों की नजरें भारत पर लगी रहती हैं। भारतीय चुनाव में अपनी दिलचस्पी दिखने वाले देशों के अपने-अपने निहितार्थ हैं। विश्व की मीडिया की नजरें भी भारत पर बनी रहती हैं। कॉर्पोरेट जगत के लोगों की निगाह रहती है। धर्म के ठेकेदारों की भी नजर भारत के चुनावों में होती है। अब इन सब काग-दृष्टि के बीच भारत अपनी डेमोक्रेसी को लेकर बहे जा रहा है। इस वर्ष एक नया मुद्दा विमर्श के केंद्र में आया है-वोट जिहाद का। भारत में यह नया सत्य है या शिगूफा, यह तो आने वाला समय तय करेगा लेकिन मुद्दा दिलचस्प है और विष्फोटक भी है। वोट जिहाद अपनी नई टर्मिनोलॉजी के साथ अब दस्तक दे ही दिया है तो वोट में प्रतिभागिता कर रही पार्टियाँ एक-दूसरे पर मुहतोड़ जवाब देना शुरू कर दी हैं।

भारतीय चुनाव हो और विवादित बोल न हों, मजहब और धर्म न टकराए, भारत पाक की चर्चा न हो, ऐसा हो ही नहीं सकता। एक-दूसरे पर आरोप लगाती पार्टियों में अब यही सब वोट बटोरने के तरीके बन गए हैं। यहाँ विकास व भारतीय उत्कर्ष के मुद्दे पीछे रह जाते हैं। यहाँ प्रकृति और पर्यावरण के मुद्दे पीछे रह जाते हैं। यहाँ संविधान को ताक पर रखकर मुहजोरी शुरू हो जाती है जो कि देश के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। ताजा तकरार मारिया आलम खां के उस बयान से गरमाया है जिसमें उन्होंने एकजुट होकर वोट-जिहाद करने की अपील कर डाली। मुसलामानों को एक होकर चुनाव में वोट जिहाद के नाम पर वोट डालने को कह डाला। यह एक ओछी कोशिश है और यह भारत की एकता-अखंडता को तोड़ने की कोशिश भी कही जा सकती है। भारत में जिहाद शब्द पर कायदे से प्रतिबन्ध लगना चाहिए, जिसकी सनातन परम्परा की लंबी विरासत है। साझी संस्कृति की लंबी विरासत है, उस देश में वोट जिहाद के माध्यम से भारतीय एकीकरण को खंडित करने, तोड़ने की यह क्रूर कोशिश मानी जा रही है। मारिया आलम खां कोई बच्ची नहीं हैं। वह चुनाव में एक जन-शैलाब को यदि संबोधित कर रही थीं, तो उन्हें ऐसा बयान देने का कोई हक तो नहीं ही है।

विदेशों में राहुल गाँधी का संबोधन जिसमें उन्होंने अल्पसंख्यकों के साथ भारत में हो रहे अन्याय का जिक्र किया था और अब मारिया खान का वोट जिहाद के नाम पर सांप्रदायिक पार्टी बताकर बीजेपी को रोकने का जब बयान आया तो ये दोनों बातें कहीं न कहीं जुड़ती हैं। सत्ताधारी बीजेपी को ऐसे बयान के माध्यम से रोकने की कोशिश भले न कामयाब हो लेकिन मारिया के इस बयान से विपक्ष और इंडी-गठबंधन को जरूर नुकसान होगा, यह तो तय है। इससे दो बातें और भी सामने उभरती हैं एक, क्या बीजेपी से डरी हुई बाहरी ताकतें यह सब प्रायोजित रूप से करवा रही हैं? या बीजेपी के तीसरी बार सत्ता में आने से उनमें डर समाया है, यह बात समझने की है। वोट जिहाद कोई मामूली नारा नहीं है। यह एक षडयंत्रकारी कोशिश भी मानी जा सकती है जो भारतीय प्रजातंत्र के खिलाफ है। देखा जाए तो यह विद्वेष फैलाने, भारतीय समरसता को समाप्त करने और भारत की विकास करने में एक अवरोध है। इसे सामान्य रूप से नहीं लिया जा सकता। यह एक गंभीर मामला है। यह राष्ट्र विरोधी बयान है जो चुनाव के कुछ चरण बीतते अपना दस्तक दे ही दिया है। इसमें ऐसी भी संभावना है कि कुछ खुद का साम्राज्य स्थापित करने वाली बर्चस्ववादी शक्तियों की जानी-समझी चाल हो, क्योंकि चुनाव के बीच ऐसा बयान आया है। बीजेपी ने हालाकि इस पर अपने मतदाताओं को सचेत किया है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इसका दूरगामी परिणाम क्या होगा, इस पर टिपण्णी की है लेकिन ऐसे बोल भारत में बोले ही क्यों जाएँ, जो देश को हिलाकर रख दें। यद्यपि मारिया के पारिवारिक सदस्य और विपक्ष मारिया के उस बयान को उसका निजी बयान बताकर किनारा कर लिए हैं लेकिन बात निकली है तो दूर तलक जाएगी।

खैर, चुनाव हो जायेंगे। देश अपनी नई सरकार के साथ आगे बढ़ जाएगा लेकिन जब-जब चुनाव आता है भारत में, चुनाव के दौरान बिगड़े बोल भारतीय मूल अस्मिता व पहचान को विद्रूप बना देते हैं। यदि असंसदीय भाषा, असंसदीय गतिविधि और अप्रत्याशित बयान इसी तरह जारी रहे तो भारत के लिए यह ठीक नहीं है। षडयंत्रकारी शक्तियां इससे अपने मंसूबों में कामयाब होंगी। देशहित तो कतई नहीं होगा। हमारे भारतीय जनमानस का प्रत्येक जन बहुत ही उम्मीद से नए चुनाव में मतदान करता है। उसको वोट जिहाद जैसी बात बताई जाएगी। उसे डरने और डराने की बात की जाएगी। यह भारतीय संविधान की गरिमा का अपमान है। कदाचित ऐसे अमर्यादित बयान से चुनाव में प्रतिभागिता कर रही पार्टियाँ बच नहीं सकती क्या? बिना हिन्दू-मुसलमान किये भी चुनाव हो सकता है। जाति, क्षेत्र, धर्म, मजहब अपने-बेगाने कहने सुनने से ज्यादा जरूरी है देश, देश का संविधान, देश का जन और सबके बीच सहिष्णुतापूर्ण जीवन-धर्म।

## अब रुकेगी भारत जैसे देशों के परंपरागत ज्ञान की चोरी

कुछ साल पहले इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी लॉ (बौद्धिक संपदा कानून) के जर्मन प्रोफेसर टिम डॉर्निस कैलिफोर्निया गए हुए थे. उस दौरान जर्मन एसोसिएशन फॉर इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी लॉ (जीआरयूआर) के महासचिव ने उनसे संपर्क किया. महासचिव ने उनसे कहा, "जल्द ही हमें जिनेवा में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम देखने को मिलने वाला है, जिस पर हमें नजर रखने की जरूरत है. यहां कुछ अभूतपूर्व हो सकता है। दरअसल, विभिन्न समुदायों और समाजों में पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ने वाले पारंपरिक ज्ञान की सुरक्षा के लिए गठित की गई संयुक्त राष्ट्र की वर्ल्ड इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी ऑर्गनाइजेशन (डब्ल्यूआईपीओ) का मुख्यालय जिनेवा में है. यह संस्था दुनिया भर में इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी (आईपी) को बढ़ावा देती है और उसका संरक्षण करती है. आईपी कानून उन चीजों के कानूनी सुरक्षा और मालिकाना हक से जुड़ा हुआ है जिन्हें लोग अपने दिमाग से बनाते हैं. जैसे, कोई नई खोज करना, किसी तरह की कलाकृति या लेखन वगैरह। इसलिए, हाल के वर्षों में डब्ल्यूआईपीओ के सम्मेलनों में जीआरयूआर का प्रतिनिधित्व करने वाले डॉर्निस स्विट्जरलैंड गए और इस बात की तहकीकात शुरू कर दी कि आखिर डब्ल्यूआईपीओ में क्या हो रहा था. उन्होंने डीडब्ल्यू को बताया, "तब मुझे एहसास हुआ कि यह वास्तव में अभूतपूर्व हो सकता है। फिलहाल, 13 मई से 24 मई के बीच जिनेवा में एक राजनयिक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है. इसका लक्ष्य पारंपरिक ज्ञान को लुटने से बचाने के लिए ह्यअंतरराष्ट्रीय कानून' बनाना या ह्यअंतरराष्ट्रीय समझौता' करना है, ताकि पेटेंट व्यवस्था में ज्यादा पारदर्शिता लाई जा सके. इस समझौते पर बातचीत का दौर शुरू हो चुका है, जिसे इस ऐतिहासिक संधि के लिए अंतिम चरण माना जा रहा है. डब्ल्यूआईपीओ की प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक, इस समझौते का लक्ष्य ह्यआनुवंशिक संसाधनों और उनसे जुड़े पारंपरिक ज्ञान से संबंधित ऐसे आविष्कारों के लिए गलत तरीके से पेटेंट दिए जाने से रोकना है जो वास्तव में नए या आविष्कारिक नहीं हैं।

**विकासशील देश लंबे समय से कर रहे थे ऐसे कानून की मांग**

करीब 25 वर्षों से अधिक समय से विकासशील देश और स्थानीय जनजातियों के लोग इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी से जुड़े ऐसे कानूनों को लागू कराने का प्रयास कर रहे थे जिनसे उनकी स्थानीय वनस्पति और जीव जंतुओं, पारंपरिक ज्ञान और संस्कृति का बाहरी लोगों द्वारा गलत इस्तेमाल रोकने में बेहतर तरीके से मदद मिल सके.

हाल के सालों में दूसरे देशों या अपने ही देश की स्वदेशी संस्कृतियों के पारंपरिक ज्ञान या सांस्कृतिक विरासत का इस्तेमाल करने वाली कंपनियों पर ज्यादा जवाबदेही तय करने की मांग तेजी से बढ़ी है. फैशन ब्रांडों को अपने कपड़ों में पारंपरिक डिजाइनों का इस्तेमाल करने के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा है. दवा बनाने वाली कंपनियां औषधीय पौधों को दवा में बदलकर बेचने के लिए जांच के दायरे में आ गई हैं। इस तरीके की आलोचना करने वाले इसे सांस्कृतिक विनियोग यानी कल्चरल एप्रोप्रिएशन कहते हैं. वहीं, जब किसी पौधे या फसल के औषधीय गुणों से जुड़े पारंपरिक ज्ञान को बिना उस समुदाय की सहमति के इस्तेमाल किया जाता है, तो उसे बायोपाइरेसी कहा जाता है. डब्ल्यूआईपीओ में पारंपरिक ज्ञान विभाग के निदेशक वेंड वेंडलैंड ने डीडब्ल्यू को बताया, "यह ज्ञान वास्तव में मौजूदा आईपी सिस्टम, जैसे कि पेटेंट या कॉपीराइट सिस्टम के ढांचे में फिट नहीं बैठता है। हालांकि, इस क्षेत्र में कानूनी सुरक्षा के बारे में चर्चा 1995 में विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के गठन के बाद से ही शुरू हो गई थी. इस वजह से डब्ल्यूटीओ के सभी सदस्य देशों में लागू करने के लिए, इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी के अधिकारों के लिए अंतरराष्ट्रीय मानकों वाला नया सेट बनाया गया. हालांकि, यह सिस्टम सभी विकासशील देशों के अनुकूल नहीं था।

# झूठे वायदों एवं वादों से चुनाव को बचाना होगा



लोकसभा चुनाव के चार चरण पूरे हो गये हैं, पांचवें चरण की ओर बढ़ते हुए चुनावी सरगर्मी बढ़ रही है। तमाम राजनीतिक दलों में वास्तविकता से दूर झूठे, तथ्य-आधारहीन, भ्रामक एवं बेबुनियाद वादे करने की आपसी होड़ बढ़ती जा रही है। राजनीतिक दल चार चरणों के बाद जिस तरह के जीत के तथ्य प्रस्तुत कर रहे हैं, वह हास्यास्पद एवं अविश्वसनीय है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव के 4 चरण पूरा होने के बाद विपक्षी ह्यइंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंसह्ण यानी इंडिया गठबंधन मजबूत स्थिति में है और चार जून के बाद सरकार बनाएगा। इसी तरह ममता बनर्जी, अरविन्द केजरीवाल एवं अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी की करारी हार की बात कही है। वर्ष 2019 के चुनाव के दौर भी इन नेताओं ने ऐसे ही बयान दिये थे, जो चुनाव परिणाम के बाद झूठे साबित हुए। इस तरह के अतिश्योक्तिपूर्ण, आधे-अधूरे, सत्यता से परे के बयानों से राजनीतिक दलों की विश्वसनीयता अपने निचले पायदान पर पहुंच चुकी है और तेजी से घट रही है। जिस प्रकार विभिन्न दलों के नेताओं की भाषा, बयान एवं लोकलुभावन वायदे निम्न स्तर पर पहुंच रहे है, उसे देखकर कहा जा सकता है कि हमारे लोकतंत्र का स्वास्थ्य कहीं-ना-कहीं खराब जरूर हो रहा है।

आम आदमी पार्टी (आप) के वादे और उनके काम के बीच फासला लगातार बढ़ता रहा है, देश की भोली भाली जनता को आपका बेटा, आपकी बेटी कहकर सहानुभूति पाने की उसकी कुचेष्ठाओं का पदार्पाश पहले ही हो गया है। ह्यआपह्ण ने अपने कामकाज के तरीके में पूरी पारदर्शिता का वादा किया था, लेकिन लोकसभा के लिए उम्मीदवारों के चयन में इसका ख्याल नहीं रखा गया है। हाल ही में पंजाब की चुनावी सभाओं में पार्टी नेता अरविन्द केजरीवाल ने बृजभूषण पर तो गंभीर आरोप लगाते हुए भाजपा को दागगार घोषित किया लेकिन वे अपने ही मुख्यमंत्री निवास पर राज्यसभा सांसद एवं पूर्व दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाती मालीमाल के साथ हुई मारपीट एवं अशिष्टता को भूल गये। निश्चित ही आप की कथनी और करनी में गहरा फासला है। इन्हीं केजरीवाल ने जनता को गुमराह करने एवं ठगने के लिये पिछले गुजरात के विधानसभा चुनाव में प्रचार के दौरान एक सादे कागज पर अपने हस्ताक्षर करते हुए गुजरात में आप की सरकार बनने का दावा किया, जबकि उन चुनावों में आप के 4-5 सीटों पर जीत के अलावा सभी सीटों पर आप उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गयी थी। एक बार फिर इन लोकसभा चुनावों में वे ऐसा ही करते हुए झूठे दावे कर रहे हैं। इससे आप पार्टी की विश्वसनीयता एवं पारदर्शिता के दावों पर सवालिया निशान लग रहे हैं।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हाल ही में दावा किया है कि उनकी पार्टी 2009 के आम चुनाव से बेहतर प्रदर्शन करेगी। यह दावा वास्तविकता से कोसों दूर है और राजनीतिक हलकों में उपहास का विषय बन गया है। जब कांग्रेस ने इन चुनावों में कोई लक्ष्य ही तय नहीं किया है तो कौन से लक्ष्य को पाने एवं जीत की बात कांग्रेस कर रही है? जैसे भाजपा ने 400 पार का लक्ष्य बनाया है, क्या कांग्रेस का ऐसा कोई लक्ष्य है? पार्टी के कार्यकर्ता बिना लक्ष्य के किसे अपना मिशन बनाये? कांग्रेस का एक दावा ये भी है कि वो लोकसभा में साफ सुथरी छवि वाले उम्मीदवारों को उतार रही है लेकिन वास्तविकता इसके उलट है। कई उम्मीदवारों को भ्रष्टाचार के उन आरोपों के बाद भी टिकट दिए गए हैं जिसकी जांच सीबीआई कर रही है। हाल के दिनों में, प्रत्येक राजनीतिक दल के घोषणापत्र में वादों की लंबी चौड़ी फेहरिस्त सामने आयी है। जबकि अतीत में किए उनके काम बताते हैं कि सत्ता में आने के बाद वे अपने घोषणा पत्र के कुछ ही हिस्सों को लागू कर पाते हैं। जो सत्ता में नहीं आ पाते वो अपने घोषणापत्र को कूड़े के डब्बे में डाल देते हैं। विडम्बना तो यह भी है कि जिन दलों को चुनाव जीतने की आशा नहीं है, वे बेतूके वायदे एवं घोषणाएं करके आम मतदाता को भ्रमित करते हैं। शुरूआत से ही राजनीतिक दल वादे इसलिए करते हैं कि लोग उन्हें सत्ता की चाभी सौंपें। लेकिन चुनावी मौसम में राजनीतिक दल और राजनेता अपने अपने कामों के बारे में बढ़ चढ़कर दावे करते हैं और उन्हें भरोसा रहता है कि मासूम और भोली जनता उनके दावों पर यकीन कर लेगी, इसलिए वे लुभावने वादों की झड़ी लगा देते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने उत्तरप्रदेश की एक सभा में चार चरण पूरे होने के बाद भाजपा के 5 किलो मुफ्त अनाज की जगह 10 किलो मुफ्त अनाज की घोषणा कर है। बेवक्त पर की गयी यह घोषणा भी पार्टी की अपरिपक्वता को उजागर कर रही है। हालांकि ऐसे वादे हमेशा खाली जाते हैं या अधूरे रहते हैं। वादे करने का मतलब उसे पूरा करना ही नहीं होता। अतीत में, कांग्रेस की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने गरीबी हटाओ के नारे के साथ 1971 का चुनाव जरूर जीता था। लेकिन लगातार दो बार सत्ता में आने के बाद भी देश से गरीबी नहीं हटी क्योंकि ज्यादातर सरकारी योजनाएं आम गरीबों तक पहुंची ही नहीं। अतीत गवाह है विगत दावों और वादों की हकीकत का। हालांकि यह देखना बाकी है कि किसने सबक लिया और कौन अपने वादों और दावों के प्रति गंभीर रहेगा।

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे और समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने राजधानी लखनऊ में एक ज्वाइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सपा प्रमुख ने दावा किया कि विपक्षी इंडियाह्ण गठबंधन उत्तर प्रदेश में 79 लोकसभा सीटें जीतेगा, और सिर्फ एक सीट पर ही मुकाबला है। ऐसे अतिश्योक्तिपूर्ण बयान कभी सच होते हुए नहीं देखें गये हैं। निश्चित ही चुनाव परिणाम भविष्य के गर्भ में है एवं इसकी 4 जून को घोषणा सभी के लिये आश्चर्यकारी एवं चमत्कृत करने वाली होगी। देश का अगला प्रधानमंत्री चुनने के लिए चार चरणों की वोटिंग पूरी हो चुकी है। लोकसभा की कुल 543 सीटों में 380 सीटों के लिए वोट डाले चुके हैं। इन चार चरणों की वोटिंग के बाद हर राजनीतिक दल हवा का रुख भांपने को कोशिश कर रहा है लेकिन उनका यह आकलन सत्य से परे हो, बिलकुल ही आधारहीन हो, इसे लोकतंत्र के स्वास्थ्य के लिये अनुकूल नहीं माना जा सकता। यहां सत्ताधारी भाजपा से लेकर विपक्षी कांग्रेस सभी अपनी-अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इन चार चरणों में 270 सीटें जीतने का दावा करते हुए 400 का टार्गेट आसानी से पूरा करने की बात कही, वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इंडिया गठबंधन की सरकार बनने का दावा किया है। भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जो वायदें किये, उन्हें पूरा किया। 1990 के दशक और 21वीं शताब्दी के शुरूआती सालों में भारतीय जनता पार्टी अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनाने के वादे के साथ सत्ता में आई एवं उसने मन्दिर बना दिया। भाजपा ने खुद को पार्टी विद डिफरेंस कहकर भी प्रचारित किया और जम्मू कश्मीर के विशेष दर्जे को खत्म करने का वादा भी किया। उसने वह भी पूरा किया। पिछले 10 वर्षो में देश ने विकास की जो रफ्तार पकड़ी है, उसे देश एवं दुनिया खुली आंखों से देख रही है। फिर भी चुनाव का समय मतदाताओं के जागने एवं विवेक से अपना मतदान करने की अपेक्षा करता है। लोकतंत्र में मतदाताओं की यह जिम्मेदारी बनती है कि वे चुनाव के अवसर पर राजनीतिक दलों की परख करें। झूठों एवं दुष्टों की एकजुटता ही जगत में कष्टों की वजह है एवं लोकतंत्र को कमजोर करने का बड़ा कारण है। जब तक ईमानदार एकजुट नहीं होंगे, तब तक जगत की कोई समस्या हल नहीं होगी। और ईमानदारों का एकजुट न होना दुष्टों एवं झूठों का असली बल है। कभी-कभी ऊंचा उठने, सत्ता पाने और भौतिक उपलब्धियों की महत्वाकांक्षा राष्ट्र को यह सोचने-समझने का मौका ही नहीं देती कि कुछ पाने के लिए उसने कितना खो दिया? और जब यह सोचने का मौका मिलता है तब पता चलता है कि वक्त बहुत आगे निकल गया और तब राष्ट्र अनिर्णय के ऊहापोह में दिग्भ्रमित हो जाता है। इस चुनाव को इस विम्बना से बचाना है।


**प्रेषकः**

**(ललित गर्ग)**

**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**

**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट 25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92**

**फोनः 22727486, 9811051133**


# पीओके के हाथ से निकल जाने के डर से सहमा पाकिस्तान

**ललित गर्ग**



पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में पाकिस्तान सरकार की तानाशाही, उदासीनता, उपेक्षा एवं दोगली नीतियों के कारण हालात बेकाबू, अराजक एवं हिंसक हो गये हैं। जीवन निर्वाह की जरूरतों को पूरा न कर पाने से जनता में भारी आक्रोश एवं सरकार के खिलाफ नाराजगी चरम सीमा पर पहुंच गयी है। गेहूं के आटे और बिजली की ऊंची कीमतों के खिलाफ जबरदस्त आंदोलन चल रहा है। प्रदर्शनकारियों एवं सुरक्षा बलों के बीच हिंसक झड़पों में एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गयी जबकि 100 से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों में अधिकतर पुलिसकर्मी हैं। पीओके के लोग पाकिस्तान सरकार की नाकामी के खिलाफ सड़कों पर हैं। पाकिस्तान को पीओके के हाथ से निकल जाने का डर सताने लगा था। पीओके की आवाज दबाने के लिए पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार ने चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल को तैनात किया है एवं आन्दोलनकारियों को दबाने की दमनकारी कोशिशें की जा रही है। पीओके के बगावती तेवर देख पाकिस्तान के हाथ-पांव फूल गये हैं।

दरअसल, अक्टूबर 1947 में पाकिस्तान के कब्जे के बाद से ही पीओके लगातार सरकार की उपेक्षा, उत्पीडन एवं उदासीनता झेल रहा है। उसकी समस्याओं और विकास पर ध्यान देने की बजाय पाकिस्तान का जोर वहां आतंकियों के ट्रेनिंग कैंप खोलने पर ज्यादा रहा। पाकिस्तान की सरकार ने पीओके का इस्तेमाल भारत में अशांति, आतंक एवं हिंसा फैलाने के लिये किया है, वह पीओके के माध्यम से कश्मीर को हडपने की हर संभव कोशिश करता रहा है, लेकिन वहां के निवासियों की जरूरतों पर कभी ध्यान नहीं किया। यूं तो अभी समूचे पाकिस्तान के हालात बद से बदतर हैं, गरीबी, महंगाई एवं आर्थिक दिवालियापन से घिरा है, दुनियाभर से आर्थिक सहायता प्राप्त करने के लिये झोली लिये घूम रहा पाकिस्तान भारत में अशांति एवं आतंक फैलाने से बाज नहीं आ रहा है। दरअसल, पाकिस्तानी कमरतोड़ महंगाई एवं जनसुविधाओं से जूझ रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने 3 अरब डॉलर के कर्ज की मंजूरी देते समय कड़ी शर्तों लगाई थीं, जिसके कारण स्थिति और खराब हो गई है। बिजली दरों में बढ़ोतरी से दिक्कतें बढ़ गई हैं और पाकिस्तान में लोग सड़कों पर उतरने को मजबूर हो गए हैं। इन्हीं जर्जर एवं जटिल हालातों के बीच पीओके के हालात पाकिस्तान के लिये नया सिर दर्द बन गया है। पाकिस्तान के सुरक्षा बल प्रदर्शनकारियों के मुजफराबाद मार्च को दबाने की जितनी कोशिश कर रहे हैं, विरोध प्रदर्शन उतना ही उग्र हो रहा है। पीओके की अवामी एक्शन कमेटी के मार्च और धरने के आह्वान के बाद बेकाबू होते हालात 1955 के अवज्ञा आंदोलन की यादें ताजा कर रहे हैं, जब पीओके के लोगों और पाकिस्तानी फौज में सीधा टकराव हुआ था। अब फिर पीओके के लोगों के उबलते गुस्से ने पाकिस्तानी हुकूमत के माथे पर बल बढ़ा दिए हैं, समस्या को अनियंत्रित एवं अनिश्चित हालात में पहुंचा दिया है।

पीओके के सबसे उत्तरी इलाके गिलगित बाल्टिस्तान के लोग पिछले कुछ दिनों से पाकिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनकारी भारत के केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के साथ मिलाए जाने की मांग कर रहे हैं। पीओके में आजादी के नारे लगने एवं उसे लद्दाख के साथ मिलाए जाने की मांग के बाद शहबाज शरीफ सरकार और पाकिस्तानी सेना दोनों सकते में है। पाकिस्तान के अत्याचार के खिलाफ पीओकी की जनता जिस तरह खड़ी हो गई, उसने पाकिस्तानी नीति निमार्ताओं को तनाव में ला दिया है। हजारों की संख्या में कश्मीरी लोग पीओके में जगह-जगह सड़कों पर उतर आए तो पाकिस्तान को पीओके के हाथ से निकल जाने का डर सताने लगा है। पीओके में विरोध को दबाने के लिए पाकिस्तानी दमन चक्र शुरू हो गया है। इसमें पाकिस्तान रेंजर्स और फ्रंटियर कोर को भी लगाया गया है। पीओके के सभी 10 जिलों में इंटरनेट और मोबाइल सेवाएं बंद कर दी गई हैं।

भाजपा की मोदी सरकार के मुख्य एजेंडे में पीओके को पाकिस्तान से मुक्त कराकर भारत में शामिल करना पहले से निश्चित है। पीओके का ताजा संघर्ष एवं आन्दोलन भाजपा की राह को निश्चित ही आसान करेंगी।

भारत के विभाजन के तुरंत बाद पाकिस्तान द्वारा जम्मू और कश्मीर की रियासत पर आक्रमण करने के बाद पीओके बनाया गया था। पाकिस्तानी सेना और आदिवासी हमलावरों के हमले के तहत, महाराजा हरिसिंह ने भारत से सैन्य मदद मांगी, जिसके बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तानी सेना को पूरी रियासत पर कब्जा करने से रोक दिया। अब, लगभग सात-आठ दशक से अधिक समय के बाद, जबकि पाकिस्तान भारी वित्तीय, राजनीतिक और मानवीय संकट में फंस गया है, जबकि भारत अपने आर्थिक, राजनैतिक और वैज्ञानिक मापदंडों में तेजी से आगे बढ़ रहा है और अपनी सैन्य शक्ति को सशक्त कर रहा है। जम्मू-कश्मीर में विकास की गंगा बह रही है, वहां के लोग शांति, शिक्षा, व्यापार एवं विकास की दृष्टि से नये कीर्तिमान गढ़ रहे हैं जबकि पीओके कम मानव विकास के साथ आर्थिक प्रगति से वंचित जनजीवन से जुड़ी समस्याओं से जूझ रहा है। स्वयं को ठगा महसूस करते हुए पीओके की आम जनता अब शांति चाहती है, अमन चाहती है, विकास चाहती है, जोकि पाकिस्तान में रहते हुए असंभव है।

दोगली नीतियों के चलते पीओके के प्राकृतिक संसाधनों का पाकिस्तान खुलकर दोहन करता रहा, जबकि वहां के लोग ईंधन, बिजली, शिक्षा, चिकित्सा और जरूरी बुनियादी सुविधाओं की कमी से जूझते रहे। पीओके के लोगों ने मई 2023 में बिजली की ऊंची दरों के खिलाफ आंदोलन शुरू किया था, जो एक साल बाद अब उग्र रूप ले चुका है। आंदोलन से काफी पहले पीओके के लोगों का भारत के प्रति झुकाव समय-समय पर मुखर होता रहा है। पाकिस्तान की राजनीति की दूषित हवाओं ने पीओके की चेतना एवं सोच को आन्दोलनकारी बना दिया है। सत्ता के गलियारों में स्वार्थों की धमाचौकड़ी देखकर वहां के लोग समझ गये कि उनका शोषण एवं उत्पीडन ही हो रहा है। यही कारण है कि पिछले साल पीओके और गिलगित के लोगों ने पाकिस्तान की भेदभाव वाली नीतियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान अपने इलाकों को भारत के साथ मिलाने को ही अपने हित एवं शांतिपूर्ण जीवन के अनुरूप मानने लगे हैं। इसके लिये किये गये तब के प्रदर्शन के सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में वहां के लोग ह्यआर-पार जोड़ दो, करगिल को खोल दोह्ण जैसे नारे लगाते नजर आए थे। वहीं, देश भर में गेहूं के आटे की कमी, बलूचिस्तान में उग्रवाद, अफगानिस्तान के साथ सीमा संघर्ष, पाकिस्तानी तालिबान द्वारा हमलों और एक गंभीर वित्तीय संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के साथ, पीओके में लोगों ने काफी कड़वे अनुभव किये हैं। निर्वासित पीओके नेता, शौकत अली कश्मीरी भी पीओके में लोगों के सामने आने वाली कठिनाइयों को उजागर करने के लिए दिसंबर से विभिन्न देशों में बैठकें कर रहे हैं। उन्होंने हाल ही में जिनेवा में समाचार एजेंसी एएनआई से कहा कि पाकिस्तान ने 1948 से प्राकृतिक संसाधनों का दोहन किया है लेकिन बदले में पीओके में लोगों को बेरोजगारी और निर्वासन मिला। अधिकांश लोगों को चिकित्सा सुविधा नहीं होने के कारण बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है।

## चुनाव में जलवायु परिवर्तन

**- कुलभूषण उपमन्यु**

इतनी चिंताजनक स्थिति के बाबजूद वर्तमान चुनावों में यह मुद्दा जनता के बीच महत्वपूर्ण नहीं बन सका है। पर्यावरण से जुड़े दिवसों पर चेतना रैली निकालने, कुछ अच्छे-अच्छे नारे लगाने, भाषण प्रतियोगिता आयोजित करने या ज्यादा-से-ज्यादा चुनावी घोषणा-पत्रों में पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन से जुड़े वादे उछालने तक हम सीमित होते जा रहे हैं। राजनैतिक दल भी जन चेतना जगाने के इस मौके का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं।

संयुक्त राष्ट्र संघ' की 'विश्व मौसम विज्ञान संस्था' ने एशिया में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों पर एक रिपोर्ट जारी की है जिसमें यह बात सामने आई है कि वैश्विक तापमान वृद्धि का प्रभाव एशिया में विश्व औसत से ज्यादा पड़ रहा है। इस क्षेत्र के कई देशों में आज तक का अधिकतम तापमान दर्ज किया गया है, जिसके कारण इस महाद्वीप में 2023 में 90 लाख लोग बाढ़ों और तूफानों से प्रभावित हुए हैं, दो हजार लोग काल का ग्रास बने हैं। जलवायु परिवर्तन ने बाढ़, सूखे और तूफानों की घटनाओं को न केवल बढ़ाया है, बल्कि उनकी भयावहता को भी बढ़ाया है जिसका दुष्प्रभाव वहां के समाजों, अर्थ-व्यवस्थाओं, और मानव जीवन पर पड़ा है। जलवायु परिवर्तन के मुख्य सूचकों, जैसे - जमीनी तापमान में वृद्धि, ग्लेशियरों का पिघलना और समुद्र के जलस्तर के बढ़ने से बिगड़ती हुई स्थिति का पता चल रहा है। 1960-1990 के दौर के मुकाबले तापमान वृद्धि की दर लगभग दुगनी हो गई है। 2023 में जहां एक ओर सूखा पड़ा वहीं दूसरी ओर भयानक बाढ़ें आईं। लू के कारण 100 लोगों की मौत हो गई और सिक्किम का तीस्ता-3 बांध बाढ़ की चपेट में आकर ध्वस्त हो गया। इस दुर्घटना में 100 लोग अपनी जान गंवा बैठे। बढ़ते तापमान के कारण इस तरह की घटनाओं के बढ़ने की संभावना है। भारत और बांग्लादेश में लू की संभावनाओं में 30 गुणा वृद्धि की आशंका पैदा हो गई है। एशिया के तेज गति से बढ़ते तापमान के चलते इसके ग्लेशियर भी खतरे में पड़ गए हैं। मुख्य 22 ग्लेशियरों में से 20 में भारी नकारात्मक बदलाव हुए हैं, यानि ग्लेशियरों के पिघलने की गति तेज हुई है। तापमान वृद्धि से समुद्र का जल भी ज्यादा गर्म हो रहा है जिसके कारण भारी बारिश और समुद्री तूफानों का खतरा बढ़ा है। पिछले चार दशकों में अरब सागर में समुद्री तूफानों की संख्या में डेढ़ गुना वृद्धि हुई है और तूफानों की घातकता भी बढ़ी है। जुलाई और अगस्त 2023 में हिमाचल और उत्तराखंड में भारी बारिश के कारण भूस्खलन से हुई तबाही का भी रिपोर्ट में जिक्र किया गया है जिसको भारत सरकार ने आपात स्थिति घोषित किया था। इन स्थितियों से निपटने के लिए आपदा प्रबन्धन के विषय में भी काफी कुछ करने की जरूरत पर रिपोर्ट में प्रकाश डाला गया है। हालांकि भारत ने इस विषय में कुछ मानकों पर अच्छी प्रगति की है, फिर भी काफी कुछ किये जाने की जरूरत है। पूर्व-चेतावनी व्यवस्था में सुधार करके आपदाओं से होने वाली हानि को 30 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है। रिपोर्ट में आर्थिक असमानता के चलते जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के और ज्यादा चिंताजनक होने की बात कही गई है। जाहिर है, बढ़ते तापमान का प्रत्यक्ष डंक उन गरीब लोगों को भुगतना पड़ता है जिनके पास आवास की व्यवस्था नहीं है या जिन्हें दैनिक मजदूरी पर निर्भर रहना पड़ता है या किसान, जिनकी फसल खुले में ईश्वर भरोसे रहती है। उनके लिए जलवायु-अनुकूलन व्यवस्था खड़ी करना भी संभव नहीं होता। बढ़ते तापमान से फसलों की उत्पादकता पर विपरीत प्रभाव पड़ने के कारण खाद्य सुरक्षा पर भी खतरा पैदा होने की संभावना बढ़ सकती है।

इस दिशा में जलवायु की विपरीत स्थितियों को झेलने में सक्षम फसलों की किस्मों पर ज्यादा शोध और प्रचार-प्रसार की जरूरत है। इस दिशा में पुराने समय में प्रचलित फसलों कोदों, रामदाना, स्वांक, बाजरा आदि का प्रचार-प्रसार करके अच्छी पहल की जा रही है, किन्तु कार्बन उत्सर्जन करने वाली उर्जा उत्पादन तकनीकों और बड़े प्रोजेक्टों, खनन परियोजनाओं के कारण वनों के विनाश से कार्बन प्रदूषण की चुनौतियां यथावत बनी हैं और बढ़ भी रही हैं। पिछले 15 वर्षों में भारतवर्ष में 3 लाख हेक्टेयर वनभूमि का उपयोग इस तरह की बृहदाकार योजनाओं के लिए बदला जा चुका है और यह क्रम सतत जारी है।

# बूथों में करें छाया-पानी के बेहतर इंतजाम: डीएम

## सभी तैयारियां हुई पूरी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने लोकसभा चुनाव सकुशल व शांतिपूर्ण संपन्न कराने को 237 मानिकपुर विधानसभा के ज्वलंत बूथ संख्या 64 व 65 कंपोजिट विद्यालय हन्ना बिनैका रामनगर ब्लाक, आदर्श मतदान केंद्र कंपोजिट विद्यालय राजापुर के बूथ संख्या 9, 10, 11, 12 का निरीक्षण कर पेयजल, शौचालय, रैम्प, फर्नीचर, छाया, विद्युत आदि का जायजा लिया।



बूथों का निरीक्षण करते डीएम।

गुरुवार को जिला निर्वाचन अधिकारी ने खंड शिक्षा अधिकारी रामनगर एनपी सिंह को निर्देश दिये कि कंपोजिट विद्यालय हन्ना बिनैका में छाया, ठंडा जल की व्यवस्था मतदान के दिन करें। कंपोजिट विद्यालय राजापुर के निरीक्षण पर एसडीएम राजापुर व ईओ नगर पंचायत राजापुर को निर्देश दिये कि इस मतदान केंद्र को आदर्श बूथ बनायें। छाया-पानी सभी व्यवस्थायें करायें। बूथ लेवल ऑफीसरों से कहा कि मतदाता पर्ची शत-प्रतिशत बंटनी चाहिए। कोई मतदाता नहीं मिलता तो मतदान के दिन मतदान स्थल पर बैठकर उन्हें दें। सभी मतदान केंद्रों पर तैयारियां पूरी हो गई हैं। मतदाताओं को मतदान केंद्रों पर खास तौर से शामियाना व टेंट लगाकर छाया, ठंडा पानी, शौचालय, मेडिकल की व्यवस्था की गई है। किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। मतदाताओं से अपील किया कि 20 मई को होने वाले मतदान में घरों से बाहर निकल कर अधिक से अधिक तादाद में मतदान करें, फिर जलपान करें।

निरीक्षण में एसडीएम मऊ राकेश कुमार पाठक, राजापुर प्रमोद कुमार झा, ईओ बीएन कुशवाहा समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# सोशलिस्ट पार्टी प्रदेश अध्यक्ष का युवाओं ने किया स्वागत

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** अखिल भारतीय सोशलिस्ट पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजीव कुमार पांडेय का नगर पंचायत मऊ में जोरदार स्वागत हुआ। उनके बांदा जाते समय युवाओं ने मऊ बसअड्डे पर रोककर स्वागत किया। उनके साथ प्रदेश उपाध्यक्ष महंत राज द्विवेदी व प्रदेश महामंत्री वीएन मिश्रा का भी युवाओं ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।



प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते युवा।


गुरुवार को हुए स्वागत से अभिभूत प्रदेश अध्यक्ष ने युवाओं को अखिल भारतीय सोशलिस्ट विचारधारा के प्रचार-प्रसार में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सोशलिस्ट विचारधारा के लिए वर्षों से संघर्ष कर रहे हैं। प्रदेश में समतामूलक समाज के निर्माण को पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता दिन-रात मेहनत करते हैं। पार्टी की नीतियों का व्यापक स्तर पर प्रचार कर रहे हैं। पार्टी सबको साथ लेकर चलने की परंपरा का सदैव निर्वहन करती रहेगी। इस मौके पर नगर पंचायत मऊ के ब्रांड एंबेसडर शारदा अग्रहरि, युवा पत्रकार विपुल पांडेय, पत्रकार विकास द्विवेदी, पत्रकार व पर्यावरणविद अभिनव राज त्रिपाठी, श्रेयांश उर्फ बेटू बाजपेई, प्रकाश शुक्ला, राजा शुक्ला, मुकुल त्रिपाठी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# ड्रोन कैमरे से पहाड़ी की हुई निगरानी

**अखंड भारत संदेश**

**पहाड़ी/चित्रकूट।** सर्विलांस/एसओजी टीम ने ड्रोन कैमरे से पहाड़ी कस्बे की निगरानी की। लोस चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने को प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर खासा गंभीर है। लोस चुनाव के पांचवें चरण में बांदा-चित्रकूट समेत बुंदेलखंड की कई सीटों पर बीस मई को मतदान होना है।

गुरुवार को इसके मद्देनजर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर सुरक्षा के लिहाज से प्रभारी सर्विलांस/एसओजी एमपी त्रिपाठी की अगुवाई में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्याम प्रताप सिंह पटेल, निरीक्षक अपराध शिवआसरे ने पहाड़ी के बिसंडा रोड, बरेठी रोड, नांदी चैराहा, नांदी रोड, कर्वी रोड, पहाड़ी गांव में विभिन्न स्थानों पर ड्रोन कैमरे से निगरानी की। इस दौरान सर्विलांस/एसओजी प्रभारी, प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी ने सूचना पर कुछ संदिग्ध वाहनों की जांच की। बताया कि आगे भी पूरे जिले के नगरों, कस्बों, ग्रामीण क्षेत्रों व वन क्षेत्रों में ड्रोन कैमरे से निगरानी लगातार की जायेगी।



ड्रोन कैमरे से ली गयी निगरानी का दृश्य।

## 20 क्वार्टर शराब समेत एक दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोस चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब निर्माण व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीमती रीता सिंह की अगुवाई में दरोगा राजोल नागर ने कालीचरन पुत्र रामशरण ऐलहा के कब्जे से 20 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा राजोल नागर व सिपाही दीपेश कुमार शामिल रहे।

# किशोरी की गला दबा हत्या, झाडियों में फेंका शव

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** रैपुरा थाना क्षेत्र के पैकौरामाफी गांव में देर रात घर से शौंच को गई किशोरी की अज्ञात लोगों ने गला घोंटकर हत्या के बाद शव झाड़ियों में फेंक दिया। बुधवार को किशोरी का शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पडताल शुरू कर दी है। एसपी अरुण कुमार सिंह ने फील्ड यूनिट टीम के साथ घटना स्थल का जायजा लिया।

ये हत्याकांड मंगलवार को देर रात पैकौरामाफी गांव में हुआ। बताया गया कि छेदीलाल की 17 वर्षीय पुत्री कोमल मंगलवार की देर रात दस बजे घर से शौंच को खेतों में गई थी। वह नहीं लौटी तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। रात भर परिजन तलाश करते रहे। बुधवार को दोपहर कोमल का शव घर से सौ मीटर दूर झाडियों में पड़ा मिला। शव देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सीओ सिटी राजकमल व थाना प्रभारी शैलेन्द्रचंद्र पांडेय ने मौके पर पहुंचकर उच्चाधिकारियों को बताया। कुछ देर में एसपी अरुण सिंह फील्ड यूनिट टीम के साथ पहुंचे, जानकारी ली। किशोरी के गले में रस्सी का फंदा कसा मिला है। शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले। एसपी ने बताया कि किशोरी की गला घोंटकर हत्या की गई है। फील्ड यूनिट पडताल में जुटी है। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर स्थितियां स्पष्ट होंगी। वारदात को अंजाम देने वालों का पता लगाने को सर्विलांस सेल के साथ मुखबिरों को सक्रिय किया है। घटना का जल्द पर्दाफाश होगा। परिजनों ने अभी कोई तहरीर नहीं दी। पीएम रिपोर्ट बाद मामला दर्ज किया जायेगा। परिजनों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया।



घटना स्थल की जांच करते एसपी आदि।

# पुलिस ने शस्त्र फैक्टरी का किया भंडाफोड़

## दो दबोचे, भारी मात्रा में बने-अधबने तमंचे-कारतूस- उपकरण बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने अवैध शस्त्र फैक्टरी का पर्दाफाश किया है। उन्होंने बताया कि कर्वी कोतवाल की अगुवाई में चौकी प्रभारी शिवरामपुर ने अवैध शस्त्र बनाने वाले दो लोगों को दबोचकर भारी तादाद में बने-अधबने तमंचे व उपकरणों समेत गिरफ्तार किया है।

गुरुवार को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने राघव प्रेक्षागार में पत्रकारों को बताया कि सीओ सिटी राजकमल की अगुवाई में कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह व चौकी प्रभारी शिवरामपुर सत्यमपति त्रिपाठी की टीम ने धनराज पटेल पुत्र शिवचरण पटेल रैपुरवा माफी व प्रिन्सू सोनी पुत्र गोरेलाल सोनी बबेरू बांदा हाल मुकाम किराये का घर मंदाकिनी भवन सीतापुर को दबोचकर दस बने व दो अधबने तमंचे विभिन्न बोर, 15 कारतूस, भट्ठी लोहे की, ड्रिल मशीन, ग्लाइंडर मशीन, पांच नाल, शस्त्र बनाने के उपकरण रैपुरवा मोड से आठ सौ मीटर दूर पहाड़ के नीचे पानी के बहाव स्थल पर बरामद किया है। उन्होंने बताया कि चौकी प्रभारी लोस चुनाव के मद्देनजर भ्रमण पर थे। मुखबिर से सूचना मिली कि रैपुरवा माफी के धनराज पटेल तमंचा बना रहा है। पुलिस टीम ने छापेमारी कर दोनों को बरामद सामान समेत दबोचा। टीम में चौकी प्रभारी शिवरामपुर सत्यमपति त्रिपाठी, चौकी प्रभारी जिला कारागार रगौली राजीव सिंह, सिपाही श्यामू व नरेन्द्र कुमार शामिल रहे।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी व पत्रकारों से बात करते एसपी।

## अज्ञात कारणों से लगी आग से दो घर हुए राख

**पहाडी/चित्रकूट।** अज्ञात कारणों से घर में लगी आग से दो घरों की गृहस्थी स्वाहा हो गई।

ये अग्निकांड गुरुवार को अपरान्ह तीन बजे पहाडी कस्बे के नर्वदा प्रसाद पाण्डेय व रमाकांत पांडेय के घर में लगी। दोनों अगल-बगल घरों में अचानक आग लगने से दोनों घरों की गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। पीड़ितों के अनुसार वे काफी समय से सपरिवार नांदी रोड पर बने पक्के मकानों में रहते हैं। गांव अंदर इन घरों में भूसा-लकड़ी व अनाज रखा रहता है। पड़ोसियों ने बताया कि घरों में आग लग गई है। पीड़ित परिजन व ग्रामीण एकत्र होकर आग बुझाने का प्रयास किया। आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था। थाना पुलिस ने सूचना पर दरोगा विपिन कुमार मिश्र को फायर ब्रिगेड के साथ मौके पर भेजा।

# एक जुआरी दबोचा, पांच-छह फरार, 27 सौ रुपये-तीन बाइक बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोस चुनाव के मद्देनजर अपराधियों की रोकथाम को जारी अभियान में चैकी प्रभारी सरैंया यदुवीर सिंह की टीम ने मुखबिर की सूचना पर सरैंया स्थित ब्रह्मदेव बाबा मंदिर में छापेमारी कर रामकिशोर पुत्र स्व गंगा प्रसाद निवासी गड़ार का पुरवा मजरा सरैंया को साथियों समेत ताश के पत्तों पर हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते दबोचा है। मौके से कुछ लोग भाग गये।

गुरुवार को सरैंया चैकी प्रभारी ने विशाल उपाध्याय पुत्र बालकृष्ण, कुल्दीप यादव पुत्र उदयभान गड़ार पुरवा, तुवा उर्फ मोनू पुत्र शिवकेश माराचन्द्रा व दो-तीन लोग अज्ञात मौके से भाग गये। मालफड़ से 22 सौ रुपये, ताश के 52 पत्ते, जामा तलाशी से पांच सौ रुपये व तीन मोटरबाइक बरामद हुईं। जुआरियों पर जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्जकर मोटरबाइकों को एमवी एक्ट के तहत सीज किया है। टीम में चैकी प्रभारी सरैंया यदुवीर सिंह, दरोगा यूटी सौरभ गौतम, सिपाही मनोज कुमार व राजमंगल शामिल रहे।

## बीडीओ ने घर-घर बांटे मतदान को पत्र

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर ब्लाक के ऊंचाडीह गांव के मजरा टेढ़वा में बीडीओ मानिकपुर पीयूष त्रिपाठी ने मतदान के प्रति जागरूकता अभियान चलाकर घर-घर निमंत्रण पत्र बांटे। बीडीओ ने ग्राम विकास अधिकारी जगदीश पटेल व प्रधान करण सिंह के साथ बैंडबाजे से एक सैकड़ा ग्रामीणों के घर-घर जाकर 20 मई को मतदान की अपील की। गुरुवार को बीडीओ ने घर-घर जाकर मतदान का निमंत्रण पत्र बांटे। बैंडबाजे के साथ प्रधान समेत ग्राम विकास अधिकारी को लेकर लोगों से 20 मई को हर हा में मतदान की अपील की। ये कार्यक्रम अपरान्ह दो बजे से शाम पांच बजे तक चला।

# पुलिस ठहरने के स्थानों पर विद्युत आपूर्ति रहे जारी: डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने लोकसभा चुनाव को सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को फायर सर्विस स्टेशन मऊ, राजापुर व सुषमा स्वरूप इंटर कॉलेज अशोह में ठहरे एसएसबी व पीएसी की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



कमांडर से बात करते डीएम-एसपी।

गुरुवार को जिला निर्वाचन अधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने एसएसबी व पुलिस-पीएसी-पुलिस कमांडरों से ठहरने की व्यवस्था, खानपान, पेयजल आदि व्यवस्थाओं की जानकारी ली। एसएसबी फायर स्टेशन मऊ में कमांडर ने बताया कि विद्युत कटौती होती है। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत राजापुर को निर्देश दिये कि विद्युत व्यवस्था निर्बाध रूप से जारी रहे। इस मौके पर एसडीएम मऊ राकेश कुमार पाठक, राजापुर प्रमोद कुमार झा, बीडीओ मऊ रामजी मिश्रा, एसएसबी व पीएसी के पुलिस कमांडर समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## जानलेवा हमले में दोष सिद्ध पिता-पुत्र समेत चार को सात-सात साल की सजा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** प्रख्यात ज्योतिषाचार्य के बेटे को घर से घसीट कर जान से मारने के प्रयास मामले में दोष सिद्ध होने पर सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने पिता-पुत्र समेत चार लोगों को सात-सात वर्ष की सजा समेत साढे दस-दस हजार रुपये के जुर्माना से दंडित किया है। गुरुवार को शहर के अन्दर 28 माह पहले हुई घटना बाबत जिला शासकीय अधिवक्ता श्याम सुंदर मिश्रा ने बताया कि शंकर बाजार के पं नारायणदत्त त्रिपाठी ने कर्वी कोतवाली में लिखाई रिपोर्ट में कहा था कि 25 फरवरी 2022 की शाम वे शिष्य जितेन्द्र के साथ कर्वी के शंकर बाजार स्थित आश्रम से आये। बेटे अनुज त्रिपाठी पर घर के अंदर गोकुलपुरी के हर्षित पटेल, गुम्मा उर्फ जय सिंह, पिता जय प्रकाश उर्फ रिंकू व मुलायम नगर के पारस वर्मा आदि हमलावर चाकू व डंडों से जानलेवा हमला कर रहे थे। अनुज खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर कर तड़पने लगा। अनुज की मां को हमलावरों ने गाली-गलौज कर कमरे में बंद कर दिया। पुत्र को बचाने को घर के अंदर घुसने पर हमलावरों ने ज्योतिषाचार्य व शिष्य पर हमला बोल दिया। रुपयों से भरा बैग व आश्रम की चाभी छीन ले गए। जाते समय हमलावर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देते रहे।

# भाजपा-सपा के बीच होगा कांटे का संघर्ष

## वोटकटवा की भूमिका में बसपा, हम नहीं कहते, बोलते हैं आंकडे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** वाजिब नहीं तो उसके लबों को कंवल न लिख, अलफाज को खिजाब लगाकर गजल न लिख- बांदा-चित्रकूट लोकसभा के मतदान की तिथि नजदीक आते ही भाजपा-सपा में घमासान मचा है। बसपा प्रत्याशी वोटकटवा की भूमिका में दिख रहा है। भाजपा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल के 2019 के लोस चुनाव में पाये मतों 477938 के कांटे को सपा कैसे पार कर सकेगी, जबकि 2019 में सपा-बसपा के प्रत्याशी श्यामाचरण गुप्ता को लगभग 419000 मत मिले थे। अब सपा-बसपा अलग-अलग चुनाव लड रहे हैं।

बांदा-चित्रकूट लोकसभा चुनाव को 20 मई को मतदान होना है। ऐसे में भाजपा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल अपने मतों को लेकर मदमस्त हैं। वहीं सबसे ज्यादा बेचैनी सपा खेमे में है। सपा को चिन्ता सता रही है कि कैसे नइया पार होगी, जबकि इस बार चुनाव में बसपा प्रत्याशी भी सामने है। ऐसे में मतों का विभाजन तय है। बसपा प्रत्याशी मयंक द्विवेदी ब्राम्हण वोटों व एससी वोटों के बूते चुनाव जीतने का ख्वाब संजोये है। एससी वोटरों में ज्यादातर युवा बाहर कमाने को गये हैं। ऐसे में एससी वोटर यहां बहुत कम बचे हैं। रही बात ब्राम्हणों की तो तमाम ब्राम्हण आज भी भाजपा खेमे में हैं। वे सिर्फ योगी-मोदी का चेहरा देख रहे हैं। उन्हें स्थानीय स्तर के विवाद से कोई वास्ता नहीं है। ऐसे में बसपा प्रत्याशी वोटकटवा की भूमिका में दिख रहे हैं, जबकि सपा प्रत्याशी श्रीमती कृष्णा पटेल के खेमे में जीत का माहौल नजर नहीं आ रहा, जबकि कांग्रेस व अपना दल के लोग उनके साथ हैं।



भाजपा-सपा-बसपा प्रत्याशी।

सपा प्रत्याशी के साथ जमकर भितरघात होने के आसार हैं, क्योंकि चुनाव दौरान कई बार उनके समर से हटने की चर्चाओं ने माहौल बिगाड दिया है। गठबंधन प्रत्याशी लडाई की मुख्य धारा में आने को बेचैन हैं। नहीं लगता कि वे भाजपा प्रत्याशी के समक्ष संघर्ष में टिक सकेंगे? भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में बांदा से विधायक प्रकाश द्विवेदी, मानिकपुर विधायक अविनाशचन्द्र द्विवेदी, जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, नगर पंचायत अध्यक्ष अमित द्विवेदी, संजीव मिश्र, नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता, ब्लाक प्रमुख पहाडी सुशील द्विवेदी, ब्लाक प्रमुख मानिकपुर अरविन्द मिश्रा समेत अन्य ब्लाकों के प्रमुख ऐडीचोटी का जोर लगाये हैं। इस सूरत में चुनाव भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में एकतरफा नजर आ रहा है। सपा-बसपा सिर्फ दूसरे नम्बर में आने को बेताब है। कुछ भी हो चार जून को परिणाम सामने होंगे, धरातल पर मुकाबला एनडीए व इंडिया गठबंधन के बीच सिमटता दिख रहा है। बसपा इन दिनों के बीच जीत-हार का कारण बनती नजर आ रही है। नजर नहीं नजारों की बात करते हैं, जमीन पे चांद-सितारों की बात करते हैं, तुम्हारे पांव के नीचे कोई जमीन नहीं, कमाल है कि फिर भी तुम्हे यकीन नहीं- बस बात यहीं पर खत्म।

# डीएम-एसपी ने सीमा क्षेत्र में की जांच

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने लोकसभा चुनाव को सकुशल, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने को अंतर्राज्यीय सीमा रीवा मप्र के मडहा में बने जांच बूथ, बरगढ़ मोड, छिवलहा मोड, लालता रोड, अंतर्जनपदीय वाजपेई तिराहा राजापुर में लगे एफएसटी, एसएसटी टीम व पुलिस अधिकारियों की टीम का निरीक्षण किया। गुरुवार को जिला निर्वाचन अधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने टीम में लगे अधिकारियों को निर्देश दिये कि वाहनों की जांच अच्छे से करायें। जांच रजिस्टर बनाकर वाहनों की संख्या बाबत लोगों के मोबाइल नंबर दर्ज करें। सभी एफएसटी व एसएसटी टीम के अधिकारियों व पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी अधिकारी-कर्मचारी मतदान के दिन पैनी नजर से चुनाव सम्पन्न करायें। निरीक्षण में एसडीएम मऊ राकेश कुमार पाठक, राजापुर प्रमोद कुमार झा, बीडीओ मऊ रामजी मिश्रा, ईओ बीएन कुशवाहा, थानाध्यक्ष मऊ अजीत कुमार पांडेय आदि मौजूद रहे।

# तालाब सुन्दरीकरण के नाम पर ठेकेदार-जेई कर रहे भ्रष्टाचार

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** नगर पंचायत में पुराना मानिकपुर तालाब में उप्र जल निगम की शाखा 48वीं यूनिट महोबा में है। सीएनडीएस विभाग से तालाब गहरीकरण व चैडीकरण तथा सुन्दरीकरण को एक करोड़ 16 लाख मंजूर हुए थे। कार्यदाई संस्था उप्र जल निगम सीएनडीएस शाखा 48वीं महोबा को काम करने की जिम्मेदारी मिली है। गुरुवार को तालाब के सुन्दरीकरण में घोटाले की खबर मिली। ठेकेदार सुनील बाबू गुप्ता बांदा व जेई अमन वर्मा ने तालाब में गहरीकरण व सुन्दरीकरण के साथ होल्डिंग कैपिसिटी बढ़ाने का कार्य करवा रहे हैं। ठेकेदार व जेई की मिलीभगत से बंदरबांट हो रहा है। नियमतः तालाब का पूरा पानी निकाल कर गहरीकरण करवाना है। ठेकेदार ने कुछ पानी निकाल कर तालाब के अगल-बगल थोड़ा-थोड़ा गहरीकरण करवा कर भीठो की साफ-सफाई कराकर धनराशि को ठिकाने लगाया है। वित्तीय वर्ष 2021-22 में तालाब में सुन्दरीकरण व गहरीकरण के नाम पर नगर पंचायत मानिकपुर ने 42 लाख रुपये खर्च किये थे। दो वर्ष बीतने के बाद सीएनडीएस विभाग से पुनः तालाब के गहरीकरण व सुन्दरीकरण के नाम पर एक करोड़ 16 लाख के पुनः टेंडर हो गये। ठेका ठेकेदार सुनील बाबू गुप्ता बांदा को मिला। वे साइड में कभी नहीं आते। गहरीकरण के नाम पर सिर्फ खानापूरी की जा रही है। जेई अमन वर्मा से इस बाबत पूंछा तो कहा कि ठेकेदार से बात कर लो। ठेकेदार सुनील बाबू गुप्ता से बात की गई तो कहा कि 16 फीसदी बिलो टेंडर है। सब काम नियम से जई करवा रहे हैं।

# कंगाली में भी पाकिस्तानियों ने दुबई में खरीदी अरबों की संपत्तिः रिपोर्ट

**इस्लामाबादः** नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान में कर्ज पाने के लिए दर-दर भटकने के बीच उसके अमीर नागरिकों के पास दुबई में 12.5 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य की 17,000 से 22,000 संपत्तियां हैं. पत्रकारों के एक अंतरराष्ट्रीय संघ द्वारा इस्तेमाल किए गए लीक आंकड़ों के अनुसार दुबई में संपत्तियों का विवरण मंगलवार को सामने आया.

डॉन डॉट कॉम के अनुसार लीक हुआ डेटा दुबई में सैकड़ों हजारों संपत्तियों का विस्तृत अवलोकन और उनके स्वामित्व या उपयोग के बारे में जानकारी प्रदान करता है. मुख्य रूप से 2020 से 2022 के बीच उनके स्वामित्व या उपयोग के बारे में जानकारी प्रदान करता है. यह सेंटर फॉर एडवांस्ड डिफेंस स्टडीज (उ4अऊर) द्वारा प्राप्त किया गया जो वाशिंगटन डीसी में स्थित एक गैर-लाभकारी संगठन है. यह अंतरराष्ट्रीय अपराध और संघर्ष पर शोध करता है.



फिर डेटा को नॉर्वेजियन वित्तीय आउटलेट ई24 (ए24), संगठित अपराध और भ्रष्टाचार रिपोर्टिंग परियोजना (डउउफढ) के साथ साझा किया गया. इसने दुनिया भर के मीडिया आउटलेट्स के साथ एक खोजी परियोजना का समन्वय किया. 'दुबई अनलॉक्ड' शीर्षक वाले इस पहल में 58 देशों के 74 भागीदार शामिल हैं. वेबसाइट ने बताया कि लीक हुए संपत्ति डेटा में भारी संख्या में पाकिस्तानी नागरिकों से संबंधित संपत्तियां शामिल हैं. दुनिया भर के कई मीडिया हाउस के पत्रकारों को ज्ञात थी कि 2022 के वसंत ऋतु तक 17,000 से अधिक संपत्तियां सूचीबद्ध थी. डेटा का उपयोग करने वाले शिक्षाविदों ने दुबई में आवसीय संपत्ति के पाकिस्तानी मालिकों की वास्तविक संख्या 22,000 बताई है. उनका अनुमान है कि 2022 की शुरुआत में अपार्टमेंट और विला की कीमत 10 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक हो सकती है. हालांकि उनका यह भी कहना है कि पिछले दो वर्षों में संपत्ति की कीमतों में 25 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है. इस तरह दुबई में पाकिस्तानियों की आवासीय संपत्तियों की वास्तविक कीमत अब 12.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक हो सकती है. समाचार पोर्टल ने फेडरल बोर्ड ऑफ रेवेन्यू (त्रह्रफ) के अध्यक्ष मलिक अमजद जुबैर तिवाना के हवाले से कहा,'यदि हमारे पास वह डेटा है जिसके बारे में आप बात कर रहे हैं तो हम वसूली सुनिश्चित करेंगे.' उन्होंने कहा कि हम यह सुनिश्चित करेंगे कि जो लोग किराये की आय या पूंजीगत मूल्य पर पाकिस्तान में कर का भुगतान करने के पात्र हैं, वे ऐसा कर रहे हैं.'

जुबैर तिवाना ने कहा, 'यह एक संवेदनशील मामला हो सकता है. शायद कानून बदलना होगा लेकिन राजनीतिक इच्छाशक्ति के साथ हम कर चोरों के खिलाफ हर संभव प्रयास करेंगे. सरकार इसके लिए तैयार है.' उन्होंने कहा कि कर कानून में नागरिकता का कोई महत्व नहीं है क्योंकि कराधान निवास की स्थिति से जुड़ा हुआ है.

# फ्रांस ने न्यू कैलेडोनिया में हिंसक विरोध प्रदर्शन के बाद आपातकाल की घोषणा की

**पेरिसः** फ्रांस ने चुनाव सुधारों के खिलाफ भड़के हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बाद न्यू कैलेडोनिया में आपातकाल की घोषणा कर दी गई. इस हिंसा में एक पुलिस अधिकारी और तीन अन्य की मौत हो गई. वाशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के हवाले से यह खबर दी गई. विशेष रूप से न्यू कैलेडोनिया एक फ्रांसीसी क्षेत्र है जो ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी तट से सैकड़ों मील दूर स्थित है। दशकों में सबसे खराब हिंसाः द्वीपसमूह में पेरिस की भूमिका पर लंबे समय से चल रहे तनाव का नवीनतम विरोध है. सरकार की प्रवक्ता प्रिस्का थेवेनोट ने बुधवार को एक मंत्रिस्तरीय बैठक के बाद एक समाचार ब्रीफिंग में कहा,'सरकार की ओर से मैं आपके सामने शांति और तुष्टिकरण का आह्वान दोहराती हूं.' उन्होंने अशांति में अपनी जान गंवाने वाले चार लोगों को श्रद्धांजलि दी और हिंसा का समाधान खोजने के लिए राजनीतिक बातचीत फिर से



शुरू करने का आह्वान किया। आपातकाल की स्थिति बुधवार को रात 8 बजे (पेरिस समय) और द्वीप की राजधानी नौमिया में सुबह 5 बजे लागू हुई. फ्रांसीसी कानून के अनुसार सार्वजनिक व्यवस्था के गंभीर उल्लंघनों के परिणामस्वरूप खतरे की स्थिति में आपातकाल की घोषणा की जा सकती है. वाशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार यह स्थानीय अधिकारियों को कुछ क्षेत्रों तक सार्वजनिक पहुंच को बंद करने के लिए विस्तारित शक्तियां प्रदान करता है। वाशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार यह स्थानीय अधिकारियों को विस्तारित शक्तियां प्रदान करता है. उदाहरण के लिए और यदि कुछ व्यक्तियों को सार्वजनिक सुरक्षा के लिए खतरा माना जाता है तो तलाशी लेना और उन क्षेत्रों में प्रवेश करने से रोकना है. फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन के कार्यालय द्वारा बुधवार को जारी एक बयान में कहा गया, 'सभी हिंसा असहनीय हैं और व्यवस्था की वापसी सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रतिक्रिया का विषय होगा।

## कश्मीर में तीन महीने से बंधक बनाए गए 35 नेपाली वतन लौटे, दो एजेंट गिरफ्तार

**काठमांडू।** अच्छे वेतन के साथ रोजगार का वादा कर कश्मीर ले जाए जाने के बाद तीन महीने तक बंधक बनाए गए 35 नेपाली मजदूर रिहा हो गए हैं। उन्हें 3 फरवरी को बिहार के चार एजेंटों के माध्यम से कश्मीर ले जाया गया था। इन सभी को कश्मीर के बड़गांव से बचाया गया, जो बीते बुधवार की रात घर लौट आए हैं। कश्मीर पुलिस ने इनको बंधक बनाने वाले दो एजेंटों को गिरफ्तार भी किया है। नेपाली दूतावास, किन इंडिया और जम्मू-कश्मीर पुलिस की पहल पर पांच बच्चों समेत बचाए गए सभी 35 लोग नेपाल के सलार्ही, धनुषा और महोत्तरी जिले के रहने वाले हैं। इन लोगों ने बताया कि कुल 43 लोगों को 720 रुपये की दैनिक मजदूरी पर कश्मीर ले जाया गया था। दिल्ली में नेपाली दूतावास के परामर्शदाता, नेपाल पुलिस की एसएसपी उमा चतुवेर्दी ने टेलीफोन पर बताया कि इन सभी मजदूरों को कश्मीर में बंधक बनाकर लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। चतुवेर्दी ने बताया कि बचाए गए लोगों को उनके काम के लिए भुगतान भी नहीं किया गया। उनके मुताबिक 43 बंधकों में से सात पहले ही भाग निकले थे। नेपाली दूतावास की तरफ से बताया गया है कि एक एजेंट का रिश्तेदार एक नेपाली लड़का कश्मीर में रहता है। रिहा कराए गए एक मजदूर ने बताया कि कश्मीर पहुंचने के बाद हम लोगों को पीटा गया और मोबाइल फोन, पैसे और नागरिकता के दस्तावेज छीन लिए। मजदूर ने यह भी बताया कि हम लोगों को अच्छा खाना भी नहीं मिलता था। साइट पर न कहीं भोजन उपलब्ध था और ना पानी। भोजन न मिलने पर भूखा रहना पड़ता था। खाने के लिए एक-दो समोसे और जूस देकर पूरे दिन काम कराते थे। बचाए गए एक अन्य नेपाली मजदूर रंजीत चौधरी ने बताया कि उन लोगों को जान से मारने की धमकी दी जाती थी। वे कहते थे कि उन्होंने सात नेपालियों को गोली मारकर और बोरे में भरकर मार डाला। नई दिल्ली स्थित किन इंडिया के अध्यक्ष नवीन जोशी ने टेलीफोन पर बताया कि रिहा कराये गए मजदूर सुरक्षित रूप से अपने गांव लौट गए हैं। उन्होंने बताया की हमने 18 साल से कम उम्र के पांच बच्चों समेत 35 नेपाली लोगों को कश्मीर से दिल्ली के रास्ते उनके गांव लौटाया है। उन्होंने कहा की इन मजदूरों को बेहद अमानवीय परिस्थितियों में बंधक बनाकर रखा गया था। हम नेपाली दूतावास, कश्मीर पुलिस और अन्य एजेंसियों के समन्वय से उन्हें बचाने में कामयाब रहे। कश्मीर पुलिस ने इनको बंधक बनाने वाले दो एजेंटों को गिरफ्तार भी किया है।

## नेपाल में गृहमंत्री लामिछाने के खिलाफ विपक्ष का सड़क से संसद तक विरोध

**काठमांडू।** नेपाल के उपप्रधानमंत्री और गृहमंत्री रवि लामिछाने के खिलाफ विपक्ष ने कांग्रेस संसद के दोनों सदनों से लेकर सड़क तक मोर्चा खोल दिया है। विपक्ष संयुक्त संसदीय जांच समिति की मांग पर अड़ा है। नेपाली कांग्रेस तो संसद के पिछले सत्र से लेकर इस बार के बजट सत्र तक लगातार सदन की कार्रवाई अवरूद्ध कर प्रदर्शन कर रही है।

विपक्ष ने बजट सत्र में कार्यवाही एक मिनट के लिए भी नहीं चलने दी है। संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को राष्ट्रपति संबोधित जरूर कर चुके हैं पर धन्यवाद प्रस्ताव की औपचारिकता अब तक पूरी नहीं हो पाई है। नेपाली कांग्रेस के प्रमुख सचेतक रमेश लेखक ने कहा कि जब तक हमारी मांग पूरी नहीं हो जाती सदन की कार्यवाही नहीं चलने दी जाएगी।कांग्रेस ने सरकार पर दबाब बढ़ाने के लिए अपनी पार्टी के सभी संगठनों को सड़क पर उतार दिया है।

आज सुबह से ही कांग्रेस के छात्र और युवा संगठनों के कार्यकर्ता लामिछाने के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। तरुण दल के नेता काठमांडू के अलग-अलग इलाके में गृहमंत्री के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। कुछ जिला मुख्यालयों में भी विरोध प्रदर्शन होने की सूचना है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

## इमरान की आज सुप्रीम कोर्ट के सामने वीडियो लिंक के माध्यम से पेशी

**इस्लामाबाद।** जेल में बंद मुल्क के पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान आज वीडियो लिंक के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट के सामने पेश होंगे। यह जानकारी यहां के प्रमुख समाचार पत्र डान ने अपनी रिपोर्ट में दी है। उनके खिलाफ कई गंभीर मामले विचाराधीन हैं। वह करीब नौ महीने से सलाखों के पीछे हैं। वह आज एनएबी कानून में बदलाव के एक मामले में याचिकाकर्ता के रूप में पेश होंगे।

# अचानक चीन क्यों पहुंच गए पुतिन, अमेरिका हुआ चौकन्ना

**बीजिंगः** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की गुरुवार को शुरू हो चुकी चीन यात्रा दोनों सहयोगियों के बीच बढ़ती करीबी साझेदारी को रेखांकित करती है. खास तौर से अमेरिका के नेतृत्व वाली लोकतांत्रिक व्यवस्था के विरोध में. राष्ट्रपति शी जिनपिंग के नेतृत्व में चीन ने यूक्रेन पर आक्रमण के बाद मास्को को मजबूत राजनयिक समर्थन की पेशकश की है.

इसके साथ ही चीन रूसी तेल और गैस के लिए एक शीर्ष निर्यात बाजार के रूप में उभरा है. जिससे क्रेमलिन के युद्ध खजाने को भरने में मदद मिली है. रूस ने भी अपनी सैन्य मशीन को चालू रखने के लिए उच्च तकनीक आयात के मुख्य स्त्रोत के रूप में चीन पर भरोसा किया है.

एक समय कम्युनिस्ट प्रतिद्वंद्वी रहे दोनों देश, जो 4,200 किलोमीटर (2,600 मील) की सीमा साझा करते हैं, हाल के वर्षों में करीब आ गए हैं. पुतिन और शी ने 40 से अधिक बार मुलाकात की है और अपनी 'रणनीतिक साझेदारी' को मजबूत करने के लिए मजबूत व्यक्तिगत संबंध विकसित किए हैं क्योंकि वे दोनों पश्चिम के साथ बढ़ते तनाव का सामना कर रहे हैं.

शी ने आखिरी बार मार्च 2023 में मास्को की यात्रा की थी, जहां उन्होंने एक-दूसरे को प्रिय मित्र कहकर संबोधित किया और एक-दूसरे की तारीफ की. पुतिन अक्टूबर में चीन की बेल्ट एंड रोड इंफ्रास्ट्रक्चर पहल के शिखर सम्मेलन के लिए बीजिंग गए थे.



पुतिन ने गुरुवार की दो दिवसीय यात्रा से पहले चीन की आधिकारिक समाचार एजेंसी शिन्हुआ से कहा कि शी के साथ उनकी बैठकें पुराने दोस्तों के बीच बातचीत और द्विपक्षीय और अंतरराष्ट्रीय एजेंडे पर सबसे सामयिक मुद्दों पर विचारों का उपयोगी आदान-प्रदान है.

पश्चिम के विरुद्ध साझेदारीः पुतिन ने कहा कि उन्होंने हमारे देशों के बीच अभूतपूर्व स्तर की रणनीतिक साझेदारी के कारण इस महीने कार्यालय में पांचवें कार्यकाल के लिए उद्घाटन के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा के लिए चीन को चुना. बीजिंग ने इसे असीमित मित्रता के परिभाषित किया है.

शी और पुतिन दोनों लोकतंत्र फैलाने के पश्चिमी प्रयासों को उन्हें अवैध बनाने के प्रयास के रूप में देखते हैं, और उनका मानना है कि आधुनिक दुनिया की चुनौतियों का सामना करने के लिए सत्तावादी शासन बेहतर हैं.

जबकि चीन ने रूस को यूक्रेन में उपयोग करने के लिए हथियार उपलब्ध नहीं कराए हैं, उसने रूस की सुरक्षा को खतरे में डालने के लिए पश्चिम को दोषी ठहराते हुए कूटनीतिक रूप से मास्को का समर्थन किया है.

चीन ने मॉस्को के खिलाफ पश्चिमी प्रतिबंधों की भी कड़ी निंदा की है।

बदले में, रूस ने ताइवान से संबंधित मुद्दों पर बीजिंग के लिए लगातार समर्थन व्यक्त किया है. कीव के पश्चिमी सहयोगियों की ओर से रूस से तेल और गैस आयात बंद करने के बाद, चीन मास्को का शीर्ष ऊर्जा ग्राहक बन गया है. बदले में, चीन प्रतिबंधों के बाद उच्च तकनीक आपूर्ति में कटौती के बाद रूस को मशीनरी और इलेक्ट्रॉनिक्स का शीर्ष आपूर्तिकर्ता बन गया है.

रूस की युद्ध मशीन को जारी रखने में चीन की भूमिका : अमेरिका का कहना है कि चीन ने रूस को मशीन टूल्स, माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स और अन्य तकनीक की आपूर्ति में काफी विस्तार किया है जिसका उपयोग मिसाइल, टैंक, विमान और अन्य हथियार बनाने के लिए किया जाता है. अमेरिकी आकलन के अनुसार, रूस को 2023 में सभी माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स का लगभग 90 प्रतिशत और लगभग 70 प्रतिशत मशीन टूल्स चीन से मिला.

पिछले महीने बीजिंग दौरे के दौरान अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा था कि रूस चीन के समर्थन के बिना यूक्रेन पर अपना हमला जारी रखने के लिए संघर्ष करेगा. उन्होंने कहा कि उन्होंने चीनी अधिकारियों से कहा कि अगर चीन इस समस्या का समाधान नहीं करता है तो हम करेंगे.

# स्लोवाकिया के प्रधान मंत्री की हत्या का प्रयास, मारी चार गोलियां, चुनाव से पहले यूरोप में तनाव

**प्रागः** स्लोवाकिया के प्रधान मंत्री, रॉबर्ट फिको पर बुधवार को जानलेवा हमला हुआ. एक सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद उन्हें सरे आम गोली मार दी गई. इस हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गये. इस घटना ने इस छोटे से यूरोपीय देश को झकझोर कर रख दिया. पूरे यूरोप में इसकी प्रतिक्रिया देखी जा रही है. रक्षा मंत्री रॉबर्ट कलिना ने अस्पताल के बाहर संवाददाताओं से बात की. उन्होंने कहा कि 59 वर्षीय नेता के पेट में गोली लगी है. हमले के कई घंटे बाद तक डॉक्टर उन्हें बचाने के लिए संघर्ष करते रहे.

उन्होंने मीडिया को बताया कि फीको का की सर्जरी अभी पूरी नहीं हुई है. उन्होंने उनकी हालत को असाधारण रूप से गंभीर बताया. स्लोवाकिया की सरकार की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि राजधानी से लगभग 140 किलोमीटर (85 मील) उत्तर-पूर्व में हैंडलोवा शहर में एक सांस्कृतिक केंद्र के बाहर कम से कम चार गोलियां चलाई गईं.

आंतरिक मंत्री माटस सुताज एस्टोक ने रक्षा मंत्री के साथ



संवाददाताओं को जानकारी देते हुए कहा कि एक संदिग्ध हिरासत में है. प्रारंभिक जांच में हत्या के प्रयास के पीछे स्पष्ट राजनीतिक प्रेरणा पाई गई है. फिको पिछले साल रूस समर्थक राजनीति के दम पर सत्ता में वापस आये हैं. उनकी वापसी ने यूरोपीय संघ के सदस्यों के बीच और भी अधिक चिंता पैदा कर दी कि वह अपने देश को पश्चिमी मुख्यधारा से अलग ले जायेंगे.

उनकी सरकार ने यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति रोक दी है. आलोचकों को चिंता है कि वह स्लोवाकिया को हंगरी के नक्शे कदम पर चलाते हुए पश्चिम का विरोध करने में काफी आगे जा सकते हैं. फिको की नीतियों का विरोध करने के लिए हजारों लोगों ने बार-बार राजधानी और स्लोवाकिया में रैली निकाली है.

फीको के फेसबुक अकाउंट पर पोस्ट किए गए एक संदेश में कहा गया है कि उन्हें हैंडलोवा से 29 किलोमीटर (17 मील) दूर बैंस्क बायस्ट्रिका के एक अस्पताल में ले जाया गया. क्योंकि राजधानी ब्रातिस्लावा पहुंचने में बहुत अधिक समय लगता।

यह हमला ऐसे समय हुआ है जब यूरोपीय संसद के लिए सांसदों को चुनने के लिए पूरे यूरोप में होने वाले चुनावों से तीन हफ्ते पहले राजनीतिक प्रचार अभियान तेज हो गया है. अनुमान के मुताबिक फीको 27-सदस्यीय ब्लॉक में बढ़त बनाने की स्थिति में हैं.

निवर्तमान राष्ट्रपति जुजाना कैपुतोवा, जो फिको की राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी हैं, ने एक टेलीविजन बयान में कहा कि प्रधानमंत्री पर हमला, सबसे पहले, एक व्यक्ति पर हमला है, यह लोकतंत्र पर भी हमला है. उन्होंने कहा कि कोई भी हिंसा अस्वीकार्य है. हम समाज में जो घृणित बयानबाजी देख रहे हैं, वह घृणित कार्यों की ओर ले जाती है. आइए हम मिलकर इसे रोकें.

फिको के सहयोगी, नवनिर्वाचित राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी ने गोलीबारी को स्लोवाक लोकतंत्र के लिए एक अभूतपूर्व खतरा बताया. यदि हम मतदान केंद्रों के बजाय चौराहों पर पिस्तौल के साथ राजनीतिक राय व्यक्त करते हैं, तो हम स्लोवाक संप्रभुता के 31 वर्षों में हमने जो कुछ भी मिलकर बनाया है, उसे खतरे में डाल रहे हैं. अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि वह चिंतित हैं. उन्होंने एक बयान में कहा कि हम हिंसा के इस भयावह कृत्य की निंदा करते है।

## नेपाल नारकोटिक्स ब्यूरो ने ढाई किलो से अधिक कोकीन बरामद की, तीन विदेशी महिला गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल नारकोटिक्स ब्यूरो ने काठमांडू के अलग-अलग हिस्सों में छापेमारी कर ढाई किलो से अधिक कोकीन बरामद की है। अन्तरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत 8 करोड़ रुपये बताई गई है। गिरफ्तार की गईं तीन महिलाओं में दो युगांडा की और तीसरी भारतीय है।

नारकोटिक्स ब्यूरो के प्रमुख एसएसपी गोविन्द थपलिया ने गुरुवार को बताया कि ड्रग्स सप्लाई के अन्तरराष्ट्रीय गिरोह की तीन महिलाओं से 2 किलो 654 ग्राम कोकीन बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि कोकीन के कैप्सूल बनाकर उसको निगलने के बाद ये तीनों महिलाएं अलग-अलग रूट से काठमांडू पहुंची थी। यहां से इसको भारत ले जाने के लिए डीलरों की प्रतीक्षा कर रही थी। नेपाल के नारकोटिक्स ब्यूरो को मिले इनपुट के बाद तीन दिन पहले कतर से काठमांडू पहुंची युगांडा की 44 वर्षीया महिला केविना मुगाला को सिनामंगल क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। उसने कोकीन के 90 कैप्सूल निगलकर पेट के भीतर छुपा रखा था। महिला की गिरफ्तारी के बाद अस्पताल में ऑपरेशन करवाकर उसके पेट से सारे कैप्सूल बरामद किये गए। पेट से निकले कैप्सूल से 1 किलो 260 ग्राम कोकीन बरामद हुई। इसी तरह युगांडा की ही 34 वर्षीय महिला लिलियान सुसान को बीते दिन यानि बुधवार को ही काठमांडू के धोबीचौर इलाके से गिरफ्तार किया गया था। इस महिला के पास से 1 किलो 294 ग्राम कोकीन बरामद हुई। पुलिस की छापेमारी से पहले ही इस महिला ने निगले हुए कोकीन को शौच के रास्ते बाहर निकाल लिया था। इसके अलावा नारकोटिक्स ब्यूरो ने एक भारतीय महिला को भी गिरफ्तार किया है। ब्यूरो के मुताबिक गिरफ्तार भारतीय महिला 33 वर्षीया दीवा जानी को कोकीन की डिलीवरी लेने आने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। ब्यूरो के मुताबिक पकड़ी गई तीनों महिलाएं अन्तरराष्ट्रीय गिरोह से जुड़ी हैं।

## नेपाल : संसदीय जांच समिति के गठन पर सत्तापक्ष और विपक्ष में नहीं बनी बात, संसद में गतिरोध जारी

**काठमांडू।** सहकारी घोटाले को लेकर विपक्षी दल की मांग के मुताबिक संसदीय जांच समिति के गठन पर कोई सहमति नहीं बन पाने के कारण गुरुवार को भी संसद में गतिरोध जारी है। प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड के प्रयास के बावजूद जांच समिति के गठन पर विपक्षी दलों के अपनी मांगों से पीछे नहीं हटने के कारण सहमति नहीं बन पाई। आज सुबह ही प्रधानमंत्री प्रचण्ड ने सत्तापक्ष के नेता केपी शर्मा ओली और रवि लामिछाने के साथ करीब दो घंटे तक चर्चा करने के बाद यह संकेत दिया था कि आज शाम तक संसद का गतिरोध समाप्त हो जाएगा। इस बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए गृहमंत्री लामिछाने ने कहा था कि आज सदन में उन्हें अपना पक्ष रखने देने के लिए विपक्षी दल कांग्रेस तैयार हो गया है। पूर्वाह्न 11 बजे से शुरू होने वाली सदन की बैठक को सहमति जुटाने के नाम पर अपराह्न 4 बजे तक के लिए टाल दिया गया था। हालांकि शाम तक भी कोई सहमति नहीं बन पाई थी। विपक्षी दल नेपाली कांग्रेस के प्रवक्ता डा पिरकाश शरण महत ने बताया कि संसदीय जांच समिति के गठन के लिए सरकार की तरफ से हमसे एक ड्राफ्ट मांगा गया था। वो ड्राफ्ट हमने भेज भी दिया लेकिन शाम तक भी उस पर सरकार की तरफ से कोई जवाब नहीं मिलने के बाद सदन को नहीं चलने देने के अपने पुराने निर्णय पर पार्टी कायम है। उन्होंने कहा कि समिति गठन को लेकर सरकार की गम्भीरता नहीं दिखने के कारण ही आज भी सदन की कार्रवाई को ठप करने का फैसला लिया गया है। प्रधानमंत्री की तरफ से नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के प्रवक्ता देव गुरुंग ने कहा कि समिति गठन को लेकर प्रचण्ड सकारात्मक हैं। रवि लामिछाने भी यह बात कह रहे हैं कि अगर उन्हें सदन में बोलने दिया गया तो समिति गठन को लेकर उनको कोई आपत्ति नहीं है। इसके बावजूद सत्ता पक्ष के सबसे बड़े घटक दल नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एमाले) के अध्यक्ष के पी शर्मा ओली समिति गठन के लिए बिलकुल भी तैयार नहीं हैं।

## टेनेसी में छोटे विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से 3 की मौत

**फ्रैंकलिनः** विलियमसन काउंटी में बुधवार को एक छोटे विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से तीन लोगों की मौत हो गई. स्थानीय अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की. विलियमसन काउंटी के प्रमुख डिप्टी मार्क एलरोड ने संवाददाताओं को बताया कि विमान बैटन रूज, लुइसियाना से रवाना हुआ था और लुइसविले, केंटकी की ओर जा रहा था, लेकिन स्थानीय समयानुसार दोपहर के आसपास नैशविले से लगभग 30 मील (48.28 किलोमीटर) दक्षिण में लीपर्स फोर्क के पास टेनेसी में दुर्घटनाग्रस्त हो गया. एलरोड ने कहा, ऐसा प्रतीत होता है कि विमान हवा में ही टूट गया. एलरोड ने कहा कि मलबे का क्षेत्र एक मील से अधिक लंबा है, लेकिन किसी संरचना के क्षतिग्रस्त होने की सूचना नहीं है. पीड़ितों के नाम जारी नहीं किये गये हैं. विलियमसन काउंटी आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी के प्रवक्ता जिल बर्गिन ने कहा कि उन्हें दोपहर करीब 12:05 बजे 911 पर कॉल आई. बर्गिन ने बुधवार के संवाददाता सम्मेलन के दौरान संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने बस एक संभावित विमान दुर्घटना की बात कही, लेकिन उनके पास बहुत अधिक विवरण नहीं था, उन्होंने बस एक आवाज सुनी और मलबा देखा, इसलिए उन्होंने बस इतनी ही जानकारी दी. फेडरल एविएशन एसोसिएशन ने विमान की पहचान सिंगल-इंजन बीचक्राफ्ट ३35 के रूप में की है. एफएए और राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड जांच कर रहे हैं.